तापमान

अधिकतम 32.9 डिग्री

न्यूनतम 18.4 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, बुधवार 26 फरवरी 2025

[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया ]




चांटीडीह में शिवरात्रि के अवसर पर लगने वाले मेले की तैयारियां पूरी हो गई हैं।

## खबर संक्षेप

### आदर्श आचार संहिता समाप्त

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा आम चुनाव और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता लागू की गई थी। जिसे मंगलवार को प्रभाव शून्य घोषित कर दिया गया है। आचार संहिता 35 दिनों तक प्रभावशील रही। निर्वाचन आयोग द्वारा 20 जनवरी को नगरीय निकाय चुनाव को लेकर आचार संहिता लागू की थी। चुनाव का रिजल्ट घोषित होने के बाद नगरीय क्षेत्रों में लागू आचार संहिता समाप्त कर दी गई थी। परंतु पंचायत चुनाव के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में आचार संहिता लागू थी। जिसे मंगलवार को समाप्त घोषित किया गया है।

### मौसम के उतार चढ़ाव से लोग हो रहे बीमार



**बिलासपुर।** क्षेत्र में पिछले सप्ताह से तापमान में उतार-चढ़ाव होने से मौसम नरम-गरम चल रहा है और लोग बीमार पड़ रहे हैं। कभी गर्मी और कभी ठंडी हवा चलने से लोग सर्दी, खांसी की चपेट में आ रहे हैं। फरवरी के अंतिम सप्ताह में मौसम में बदलाव शुरू हो गया है। माह के प्रथम सप्ताह ही तापमान 35 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच गया था। जिससे लोग गर्मी से परेशान हो रहे थे। पिछले कुछ दिनों से तापमान में कम ज्यादा हो रहा है। सुबह से लेकर दोपहर तक जहां गर्मी रहती हैं। वहीं शाम ढलते ही ठंड बढ़ने लगती है। रात में तेज हवा चल रही है। जिससे तापमान कम हो जाता है।

### ट्रांसफार्मर लोगों के लिए बना जानलेवा



**बिलासपुर।** शहर में लगे बिजली के खुले ट्रांसफार्मर दुर्घटना को न्योता दे रहे हैं। ये ट्रांसफार्मर ऐसे स्थानों पर लगाए गए हैं, जहां दिन भर चहल-पहल रहती है। ऐसे में जरा सी लापरवाही से बड़ा हादसा हो सकता है। बिजली विभाग के कर्मचारी रिपेयरिंग कर ढक्कन खुला छोड़कर ही चले जाते हैं। दुर्घटना के डर से कोई दूसरा भी इन ट्रांसफार्मरों को बंद नहीं कर पाता। वहीं विभाग के कर्मचारी बिजली संबंधी समस्याओं की ओर ध्यान नहीं दे रहा है। कहीं बिजली के तार लटक रहे हैं तो कहीं केबल झूल रहे हैं। शिकायत के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

### महाराणा चौक के लेफ्ट साइड गड्डा, चालक त्रस्त



**बिलासपुर।** नगर निगम सड़कों के निर्माण और मरम्मत पर करोड़ों रुपये खर्च करता है, लेकिन फिर भी गड्ढों से निजात नहीं मिल पा रही है। सड़कों के निर्माण में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया। बारिश से सड़कें खराब होने से लोग हादसों के शिकार होते हैं। सड़कों पर निकलने वाले बाइक सवार इन गड्ढों की चपेट में आकर गिर जाते हैं। कई बार चोटिल भी हो जाते हैं। महाराणा प्रताप चौक के लेफ्ट साइड में बीते कई महीनों से बना गड्ढा वाहन चालकों के लिए मुसीबत बन चुका है। लोग आए दिन हादसे के शिकार हो रहे हैं। यहां से निकलने वाले बाइक सवार चोटिल हो जाते हैं। आलम ये है कि इन गड्ढों के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बावजूद इसके जिम्मेदार गंभीर नहीं है।

# पशु औषधालय के पीछे बनेगी वरिष्ठ नागरिकों और बच्चों के लिए प्रदेश की पहली लाइब्रेरी, 6 करोड़ होंगे खर्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

युवाओं के लिए सेंट्रल लाइब्रेरी की सौगात देने के बाद बिलासपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड शहर के बीचों बीच हृदय स्थल पर एक और सर्व सुविधायुक्त लाइब्रेरी बनाने जा रही है। इस लाइब्रेरी की खासियत होगी कि यह छोटे बच्चे और वरिष्ठ नागरिकों के लिए होगी,जहां बच्चे खेल और मनोरंजन के माध्यम से पढ़ाई और अतिरिक्त पाठ्येत्तर गतिविधियां सीखेंगे तो वहीं वरिष्ठ नागरिक क्वालिटी टाइम व्यतीत कर सकेंगे। लाइब्रेरी में बुजुर्गों के लिए पुस्तकें, न्यूज पेपर, काफी टेबल बुक जैसी सुविधाएं मिलेंगी। बच्चों के लिए भी पुस्तक और अन्य सुविधाएं मौजूद रहेंगी। इसका टेंडर किया जा रहा है। जल्द ही कार्य शुरू किया जाएगा।

बिलासपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा सीएसआर मद से 5 करोड़ 78 लाख की लागत से पशु औषधालय के पीछे 300 कुर्सी क्षमता की लाइब्रेरी बनाने की तैयारी है। लाइब्रेरी बिल्डिंग दो मंजिला होगी, जिसमें ग्राउंड के साथ फर्स्ट फ्लोर होगा। यहां बैठने के लिए कुर्सी टेबल, एसी, बाथरूम समेत सभी आवश्यक सुविधाएं मौजूद रहेंगी। लाइब्रेरी बिल्डिंग में रैन हार्वेस्टिंग और फायर फाइटिंग सिस्टम भी इंस्टाल किया जाएगा। शहर के बीचों बीच बनने से इस लाइब्रेरी का उपयोग सभी क्षेत्र के बुजुर्ग और बच्चे कर सकेंगे।



अलग खबर

- स्मार्ट सिटी के तहत होगा पूरा काम, पशु औषधालय का भी होगा उन्नयन
- बच्चों के पढ़ने और सीखने की चीजें रहेगी मौजूद, किड्स प्ले एरिया भी रहेगा

### इस लाइब्रेरी की शहर को थी जरूरत

स्मार्ट सिटी द्वारा बनाए जाने वाली यह शहर की पहली ऐसी लाइब्रेरी होगी जो छोटे बच्चों और बुजुर्गों के लिए ही खास तौर पर होगी। देखा जाए तो इस तरह की लाइब्रेरी की जरूरत काफी दिनों से महसूस की जा रही थी, जहां वरिष्ठ नागरिक समय व्यतीत कर सकें। अपने कार्यों से निवृत्त हो चुके वरिष्ठ नागरिकों के लिए शहर के उद्यानों के अलावा ऐसा कोई स्थान नहीं है जहां वे मेल मिलाप कर सकें और पठन पाठन कर पाएं। इस लाइब्रेरी के निर्माण के बाद बुजुर्ग यहां बैठकर न्यूज पेपर, पुस्तकों का अध्ययन कर सकेंगे। लाइब्रेरी में छोटे बच्चों के लिए ऐसा डिजाइन तैयार किया जाएगा जहां बच्चों को पढ़ाई और अन्य चीजों के लिए प्रेरणा मिलेगी। इसके अलावा स्पोर्ट्स मटेरियल भी लाइब्रेरी में होगी, जिससे बच्चे खेल के माध्यम से पढ़ेंगे और सीखेंगे भी।

### किड्स प्ले एरिया और कैफे भी रहेगा

लाइब्रेरी में बच्चों के लिए किड्स प्ले एरिया रहेगा जहां आकर्षक चित्रकारी, खेल-कूद का साधन होगा। यहां बच्चे खेल कूद कर सकेंगे और उसके साथ पढ़ाई और अन्य गतिविधियां भी होंगी। लाइब्रेरी में कैफे भी होगा, जहां चाय-काफी के अलावा हेल्दी फूड उपलब्ध होगा। इसके साथ ही छोटा सा लॉन होगा जहां टहला जा सकेगा। पार्किंग की भी पूरी व्यवस्था की जाएगी।

### पशु औषधालय का उन्नयन

इसके साथ ही शहर के एकमात्र और पुराने शासकीय पशु औषधालय का उन्नयन भी किया जाएगा। अभी पशु औषधालय में बेहतर सिविल इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी है। इसे बेहतर बनाया जाएगा। डॉक्टरों के बैठने और इलाज के लिए केबिन समेत इलेक्ट्रिफिकेशन, पानी की सुविधा समेत अन्य आवश्यक कार्य किए जाएंगे।

### जल्द ही कार्य होगा शुरू

शहर में वरिष्ठ नागरिक और बच्चों के लिए सर्व सुविधायुक्त लाइब्रेरी बनाने की योजना है। यहां वरिष्ठ नागरिक अध्ययन के साथ क्वालिटी टाइम बीता सकेंगे और बच्चों के ज्ञानवर्धन के लिए भी पूरी सुविधाएं मौजूद रहेंगी। सीएसआर मद से कार्य किया जाएगा, इसके लिए टेंडर जारी कर दिया गया है, जल्द ही कार्य शुरू किया जाएगा।

**- अमित कुमार**, एमडी, बिलासपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड

## सीसीटीवी फुटेज से 3 घण्टे में पुलिस ने सुलझाई अंधे कत्ल की गुत्थी

# पांच साल की बच्ची से अनाचार का प्रयास, विरोध करने पर की हत्या, 14 वर्षीय बालक अभिरक्षा में

सरकंडा क्षेत्र में हुई वारदात



सरकंडा क्षेत्र की निर्माणाधीन कालोनी जहां हुई वारदात।



वारदात के बाद मौके पर जमा लोगों की भीड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

निमार्णाधीन मकान के टायलेट में लापता 5 वर्षीय बच्ची की लाश मिलने व सिर में चोट के निशान मिलने से सनसनी फैल गई। एसपी ने घटनास्थल पहुंचकर शव का निरीक्षण कर प्रथम दृष्टया हत्या मानते हुए अधिकारियों को हत्यारे की पतासाजी करने का निर्देश दिया। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने 3 घण्टे के भीतर अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझा ली है। 14 साल के बालक ने बच्ची को टायलेट में ले जाकर जोर जबरदस्ती कर अनाचार की कोशिश की। बच्ची ने विरोध किया तो लकड़ी के बत्ते से सिर में हमला कर हत्या कर दी थी। पुलिस ने अपचारी बालक को अभिरक्षा में ले लिया है।

कोनी सेमरताल निवासी राजमिस्त्री की दो पत्नियां हैं। पहली पत्नी के दो बच्चे गांव में रहते हैं। दूसरी पत्नी के तीन बच्चे । वह पिछले तीन चार साल से दूसरी पत्नी व बच्चों के साथ सरकण्डा गीताजंली सिटी फेस 2 निर्माणाधीन स्वर्णिम एरा कालोनी में पीछे मजदूरों के मकान में रहता है। उसने बताया 24 फरवरी को रोजी मजदूरी के करने के बाद शाम 6 बजे पति पत्नी घर गए। उसके बाद वह शराब पीने के लिए चला गया। चिंगराजपारा में शराब पीने के बाद पौने 7 बजे घर लौटा तो उसकी दूसरे नम्बर की बेटी घर में नहीं थी। उसने पूछा तो पत्नी ने बताया कि वह उस समय पापा के साथ जा रही हूं बोलकर निकली थी। उसने कालोनी के बाहर दुकान में बेटी की पतासाजी की किन्तु जानकारी नहीं मिली। कालोनी में रहने वाले राजमिस्त्री व मजदूरों ने रात 1 बजे कालोनी के आसपास पतासाजी की, पता नहीं चलने पर वे घर जाकर सो गए थे। 25 फरवरी की सुबह 9 बजे वह बेटी के लापता होने की रिपोर्ट लिखाने सरकण्डा थाना गया। थाने में बैठकर रिपोर्ट लिखा रहा था। सुबह 10 बजे मिस्त्री काम करने के लिए निमार्णाधीन मकान पहुंचे। एक मिस्त्री काम करने के लिए फर्स्ट फ्लोवर के टायलेट में गया तो उसने वहां बच्ची को देखा। उसने अन्य मिस्त्री व मजदूरों को लाश मिलने की जानकारी दी। इसी दौरान थाने में रिपोर्ट लिखा रहे पिता को निमार्णाधीन मकान में बच्ची के लाश मिलने की सूचना मिली। माता पिता पुलिस के साथ निमार्णाधीन मकान के टायलेट में जाकर देखे तो लाश उसकी लापता बेटी की थी। बच्ची के शरीर पर कपड़ा नहीं था और सिर में चोट के निशान थे। बच्ची की लाश मिलने से पुलिस महकमा में हड़कंप मच गया। मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। लोग तरह-तरह के कयास लगाने लगे। इस बीच जानकारी मिलने पर सरकण्डा पुलिस, एसीसीयू टीम, फारेसिंक टीम, फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट, सर्चडाग मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गए।

### विरोध करने पर लकड़ी बत्ते से की हत्या

बच्ची अपने पिता के पीछे पीछे जा रही थी तब उक्त 14 वर्षीय बालक ने उसे रोक लिया। उसके बाद हाथ पकड़कर निमार्णाधीन मकान के टायलेट में ले जाकर जोर जबरदस्ती कर अनाचार की कोशिश कर रहा था। बच्ची ने विरोध किया तो लकड़ी के बत्ते से सिर पर हमला कर हत्या कर दी। उसके बाद वह घर आ गया था।

### सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

निमार्णाधीन कालोनी के पीछे करीब 100 झोपड़ीनुमा मकान हैं, जिसमें मिस्त्री व मजदूर परिवार के साथ रहते हैं। उनकी सुरक्षा के लिए सुबह 15 व रात में 15 सिक्यूरिटी गार्ड की ड्यूटी लगती है। उसके बाद भी रात में निर्माणाधीन मकान में बच्ची की जघन्य हत्या हो गई और किसी सिक्यूरिटी गार्ड को भनक तक नहीं लगी।

### एसपी ने किया निरीक्षण

सूचना मिलते एसपी रजनेश सिंह घटनास्थल पहुंच गए। शव का निरीक्षण कर बिना कपड़े के बच्ची की लाश व सिर में चोट होने से प्रथम दृष्टया हत्या मानकर उन्होंने अधिकारियों को आसपास में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने व अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने का निर्देश दिया।

### अश्लील वीडियो देखने का आदी

पुलिस के अनुसार, अभिरक्षा में लिया गया 14 वर्षीय बालक मोबाइल में अश्लील पोर्न फिल्म देखने का आदी था। ऐसी फिल्म देखकर ही उसने बच्ची के साथ अश्लीलता करने की कोशिश की। सफल नहीं होने पर उसने हत्या जैसी वारदात को अंजाम दे दिया है।

**सीसीटीवी फुटेज से खुलासा :** एसपी श्री सिंह के निर्देश पर सरकण्डा व एसीसीयू की अलग अलग टीम बनाकर जांच शुरू की गई। टीआई निलेश पाण्डेय, दिनेश तिवारी, शैलेन्द्र सिंह, संगीता नेताम, प्रमोद सिंह, संजीव जांगड़े, विवेक राय एवं अन्य कालोनी में लगे सीसीटीवी कैमरे का फुटेज खंगाला गया। एक कैमरे के फुटेज में एक युवक बच्ची का हाथ पकड़कर ले जाते नजर आ रहा था। पतासाजी करने पर उक्त बालक की पहचान मृतका के घर के पास रहने वाले 14 वर्षीय बालक के रूप में हुई। पुलिस ने उक्त बालक को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की। कड़ाई बरतने पर उसने हत्या करना स्वीकार कर लिया।

### 14 वर्षीय बालक अभिरक्षा में

लापता बच्ची की निमाणधीन मकान में लाश मिली थी। जांच के बाद 14 वर्षिय बालक को अभिरक्षा में लिया गया है। उसने पहले अनाचार का प्रयास किया, विरोध करने पर लकड़ी के बत्ता से हमलाकर हत्या करना स्वीकार कर लिया है। बालक अश्लील पोर्न फिल्म देखने का आदी है। अभिभावकों को अपने बच्चों पर नजर रखना चाहिए। मोबाइल में वे क्या देख रहे हैं।

**- रजनेश सिंह एसपी**

# फिटनेस सेंटर दे रहा जाली सर्टिफिकेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

परिवहन विभाग का आटोमेटिक फिटनेस सेंटर एक बार फिर विवाद से घिर गया है। हाल ही में आरटीओ को शिकायत मिल रही है, जिसमें गाड़ियों के जाली सर्टिफिकेट जारी किए गए हैं। आरटीओ आनंदरूप तिवारी ने इसके जांच के आदेश दिए हैं।

दरअसल आटोमेटिक फिटनेस सेंटर द्वारा ही वाहनों का फिटनेस सर्टिफिकेट जारी किया जाता है, इसके आधार पर ही वाहनों का साल भर का परमिट और इंश्योरेस किया जाता है, लेकिन सेंटर द्वारा वाहन क्रमांक सीजी 10 सी 1940 और वाहन क्रमांक सीजी 10 एएम 9234 के वाहन चालाकों ने सेंटर द्वारा फर्जी सटिफिकेट जारी करने की शिकायत की गई है, जिसमें वाहन मालिकों ने बताया कि सेंटर द्वारा फिटनेस सर्टिफिकेट के लिए बकायदा शुल्क का भुगतान किया गया है और सर्टिफिकेट भी जारी किया गया है, लेकिन ऑनलाइन पोर्टल में फिटनेस सर्टिफिकेट एक्सपायर दर्शाया जा रहा है, जिसके आधार पर वाहन मालिकों ने परिवहन विभाग के अधिकारियों से इसकी शिकायत की है। मामला संज्ञान में आने के बाद भी विभाग के अधिकारियों ने जांच पूरी नहीं की है। बताया जा रहा है कि आचार संहिता और चुनाव ड्यूटी के चलते आरटीओ अधिकारी जांच करने में असमर्थ रहे हैं। आचार संहिता हटने के बाद अब मामले की जांच की जाएगी।

### विभाग को मिली शिकायत, होगी जांच

- दो साल पहले बनाया गया है आटोमैटिक फिटनेस सेंटर
- ऑनलाइन अपलोड नहीं किया जाता सर्टिफिकेट

### 2 हजार में फेल से पास करते हैं कर्मचारी

बताया जा रहा है कि फिटनेस सेंटर में भले ही सभी काम ऑनलाइन किया जा रहा है, लेकिन फिटनेस में फेल गाड़ियों को भी पास का सर्टिफिकेट दिया जा रहा है। इसके लिए वहां दलाल के तौर पर फिटनेस सेंटर के कर्मचारी काम कर रहे हैं। आटो, बस और हाइवा जैसी गाड़ियों के लिए अलग-अलग दलाली लेकर फेल वाहनों का भी फिटनेस सर्टिफिकेट जारी कर दिया जाता है, जबकि ऑनलाइन में वाहन का सर्टिफिकेट अपलोड ही नहीं किया जाता है। इसके लिए 2 हजार से लेकर 5 हजार तक की दलाली काटी जाती है।

### जल्द ही तथ्य आएंगे सामने

दो लोगों की शिकायत मिली है, चुनाव में व्यस्त होने के चलते जांच पूरी नहीं हुई है। टीआई रैंक के अधिकारियों को जांच की जिम्मा दिया गया है। जल्द ही मामले में तथ्य सामने आएंगे।

**-आनंद रूप तिवारी**
आरटीओ, परिवहन विभाग

## भाजपा नेताओं की होगी बैठक, शपथग्रहण में आ सकते हैं सीएम

# सभापति व एमआईसी मेंबरों के लिए 28 को होगी रायशुमारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम के नवनिर्वाचित महापौर पूजा विधानी समेत पार्षदों का शपथ ग्रहण 28 फरवरी को होगा और इसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के आने की संभावना है। इसी दिन शाम को नगर निगम सभापति और एमआईसी सदस्यों के नाम तय हो जाएंगे, जिसके लिए जिले के भाजपा नेताओं की बैठक होगी।

भाजपा नेताओं की इस बैठक में बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल, बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह सहित दोनों जिलाध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर, मोहित जायसवाल आदि उपस्थित रहेंगे। क्योंकि नगर निगम की सीमा बिलासपुर विधानसभा से लेकर बेलतरा, तखतपुर, बिल्हा विधानसभा क्षेत्र में भी आता है और उन क्षेत्रों से भाजपा के पार्षद चुनाव जीतकर आए हैं। इसलिए उन क्षेत्रों के विधायकों के भी राय एमआईसी सदस्य के संबंध में लिए जाएंगे और उन क्षेत्रों से जीतकर आए कुछ पार्षदों को मेयर इन कौंसिल में शामिल किया जाएगा। 28 फरवरी को पहले नवनिर्वाचित महापौर पूजा विधानी समेत निर्वाचित पार्षदों का शपथ ग्रहण होगा, उसके बाद शाम को भाजपा नेताओं की बैठक होगी। शपथ ग्रहण को लेकर भी जोरशोर से तैयारी चल रही है। शपथ ग्रहण के बाद नगर निगम का प्रथम सम्मेलन होना है, जिसमें सभापति चुना जाना है। भाजपा की ओर से बिलासपुर नगर निगम में सभापति के पर्यवेक्षक भी नियुक्त कर दिए गए हैं और राजनांदगांव सांसद संतोष पाण्डेय को पर्यवेक्षक बनाया गया है।

### विधानसवार भाजपा पार्षदों की

- बिलासपुर — 38 वार्ड में से 27 पार्षद
- बेलतरा — 16 वार्ड में से 12 पार्षद
- बिल्हा — 10 वार्ड में से 6 पार्षद
- तखतपुर — 4 वार्ड में से 3 पार्षद
- मस्तूरी — 2 वार्ड में से 1 पार्षद




### विनोद या बंधु हो सकते हैं सभापति

नगर निगम में सभापति के दौड़ में भाजपा के सीनियर पार्षद विनोद सोनी और बंधु मौर्य का नाम आगे है। विनोद सोनी पार्षद के अलावा प्रभारी महापौर एवं सभापति रह चुके हैं। इसलिए उनकी संभावना जताई जा रही है। विनोद के अलावा बंधु मौर्य, विनोद सोनी, विजय ताम्रकार, श्याम साहू, तिलक साहू जैसे नाम भी चर्चा में हैं।

# सकर्रा में खुली उप तहसील 25 गांवों को मिली सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशों के अनुरूप सकरी तहसील के ग्राम सकर्रा को उप तहसील घोषित किया गया है। राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के निर्देश पर कलेक्टर अवनीश शरण ने 24 फरवरी को इसका आदेश जारी कर दिया है। बहुत जल्द वहां नायब तहसीलदार बैठना शुरू कर देंगे।

तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह की पहल एवं प्रयास से सकर्रा में उप तहसील का गठन संभव हो सका है। फिलहाल ग्राम पंचायत भवन में उप तहसील का काम-काज शुरू होगा। इससे उस इलाके के 7 पटवारी हल्कों के 25 गांवों के किसानों और ग्रामीणों को लाभ मिलेगा। उन्हें अब लंबी दूरी तय कर राजस्व संबंधी छोटे-मोटे कामों के लिए सकरी आने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

### 7 पटवारी हल्का शामिल होंगे

जिला कार्यालय के भू-अभिलेख शाखा के अनुसार सकर्रा उप तहसील में अमसेना राजस्व निरीक्षक मंडल के 7 पटवारी हल्का इसमें शामिल होंगे। इनमें पटवारी हल्का 33 के अंतर्गत ग्राम कोड़ापुरी, मेड़पार बाजार, सकेती, सांवाताल, पटवारी हल्का 34 के ग्राम कुरेली, केकराड़, ठाकुरकांपा, खजुरी, पटवारी हल्का 35 के ग्राम मुरू, पथराली, बुटेना, कबराकांपा, पटवारी हल्का 36 के ग्राम खरकेना, मेड़पार छोटा, डिघोरा, पटवारी हल्का 37 के ग्राम छतौना, बोड़सरा पाली, हल्का नम्बर 38 के ग्राम अमसेना, बेलमुण्डी तथा पटवारी हल्का 39 के ग्राम सकर्रा, कोपरा, सिधिरी, उड़ेला एवं सरसेनी शामिल हैं।

25 FEB- BSP-PG-2_Layout 1 2/26/2025 12:56 AM Page 1



# एमएसएमई सेक्टर को देनी होगी वित्तीय सहायता : अजीथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रिजर्व बैंक की 66 वीं बैठक राज्य प्रमुख एवं क्षेत्रीय डायरेक्टर रीना अजीथ की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस दौरान उन्होंने सभी बैंकर्स को चेतावनी देते हुए कहा कि एमएसएमई सेक्टर को रिजर्व बैंक एवं भारत सरकार के निर्देशों के तहत वित्तीय सहायता देने में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।

उन्होंने कहा कि नियमों का पालन नहीं करने पर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। भारत सरकार ने एमएसएमई सेक्टर की परिभाषा बदली है। इसके फलस्वरूप इस सेक्टर में कई नए उद्योग आएंगे। इन सबकी वित्तीय जरूरत को हम सबको पूरा करना होगा। सूक्ष्म उद्योगों को 5 लाख का क्रेडिट कार्ड देने का भारत सरकार के निर्देशों का भी पालन हो। उन्होंने कहा कि क्रेडिट गारंटी फंड स्कीम अंतर्गत सीमा भी 5 करोड़ से बढ़ाकर 10 करोड़ कर दी गई है। स्टार्टअप एवं स्टैडअप योजनाओं का त्वरित एवं कड़ाई से पालन हो।

## बैंक एवं उद्यमियों के बीच आपसी समन्वय और सहयोग जरूरीः केडिया

छग लघु एवं सहायक उद्योग संघ के प्रदेश अध्यक्ष हरीश केडिया ने कहा कि बैंक एवं उद्यमियों के बीच आपसी समन्वय एवं सहयोग बढ़ाने से कई समस्याओं का हल निकल सकता है। कई बैंकों में संवादहीनता की स्थिति है, जबकि स्टेट बैंक ग्राहकों से बेहतर संवाद बनाए हुए है। श्री केडिया ने शिकायत किया कि स्टेट बैंक के अलावा अन्य बैंकों में ग्राहक मिलन समारोह आयोजित नहीं किया जा रहा है। श्री केडिया ने कहा कि धान का उचित मूल्य मिलने एवं कई शासकीय योजनाओं के कारण



ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है। ग्रामीण क्षेत्र में पैसा आ रहा है। इन पैसों के कारण बाजार की भी ग्राहकी बढ़ी है। बाजार में पैसा आ रहा है। बैंकों की भी जिम्मेदारी है कि उन्हें इन पैसों का सही उपयोग करना सिखाएं। नशा प्रवृत्ति एवं गैर जरूरी खरीदी में पैसा नहीं लगाकर बचत करें। उत्पादकता बढ़ाने में इसका उपयोग करें। श्री केडिया ने कहा कि बैंक कर्मचारियों को भी ग्राहकों से संवाद करने का प्रशिक्षण देने जरूरी है। उद्योग संघ एवं उद्योगपतियों को अगर बुलाया जाएगा। तो वे भी प्रशिक्षण में पूरा सहयोग करने को तैयार है। उन्होंने कहा राज्य सरकार अब उद्योग विभाग की जमीन को लीज होल्ड से फ्री होल्ड कर रही है। प्राइमरी सिक्यूरिटी के रूप में बैंक को अब फ्री होल्ड जमीन मिलेगा। इससे बैंक का पैसा अधिक सुरक्षित होगा। बैठक में आरबीआई महाप्रबंधक मोहन रावत के अलावा स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, सेंट्रल बैंक, बैंक आफ बड़ौदा सहित सिडबी बैंक सहित सभी बैंकों के राज्य प्रमुख मौजूद थे।

### महिला उद्यमी जागरूकता सेमिनार 28 को

श्री केडिया ने बताया कि 28 फरवरी को सुबह 11 बजे कलेक्टोरेट सिंचाई विभाग कार्यालय के प्रार्थना सभा भवन में रिजर्व बैंक ने महिला उद्यमी जागरुकता सेमिनार का आयोजन किया गया है। इसमें सभी बैंकों के अलावा 5 बड़े बैंकों के क्षेत्रीय प्रबंधक, लीड बैंक अधिकारी, जिला उद्योग एवं व्यापार केंद्र महाप्रबंधक आदि मौजूद रहेंगे। इस में शहर की महिलाएं शामिल होकर जानकारी प्राप्त करके अपना सुझाव दे सकती हैं।

## आंबा कार्यकर्ता के लिए आवेदन 17 मार्च तक

बिलासपुर। एकीकृत बाल विकास परियोजना शहरी अंतर्गत रिक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित है। वार्ड क्रमांक 26 के आंगनबाड़ी केन्द्र 200 मेन रोड तालापारा, वार्ड क्रमांक 25 के आंगनबाड़ी केन्द्र 107 मिनी बस्ती तालापारा, वार्ड क्रमांक 45 के आंगनबाड़ी केन्द्र 239 पावर हाउस तहसील गली हेमूनगर में आंगनबाड़ी सहायिका के 1-1 रिक्त पदों एवं वार्ड क्रमांक 46 के आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 57 ओवर ब्रिज के पार नयापारा एवं वार्ड क्रमांक 34 के आंगनबाड़ी केन्द्र 48 करबला मोची मोहल्ला में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के 1-1 रिक्त पदों पर भर्ती के लिए 17 मार्च तक आवेदन कर सकते हैं। आवेदन बंद लिफाफे में अथवा पंजीबद्ध डाक से लिया जाएगा।




## खबर संक्षेप

### लायंस क्लब बिलासपुर क्लासिक प्लस की डिस्ट्रिक्ट गवर्नर विजिट



**बिलासपुर।** अंतर्राष्ट्रीय समाज सेवी संस्था लायंस इंटरनेशनल के लायंस क्लब बिलासपुर क्लासिक प्लस रीजन 7 के क्लब ने संयुक्त विजिट में मुख्य अतिथि एमजेएफ सुधीर जैन (डिस्ट्रिक्ट गवर्नर) एवं रश्मि जैन, गेस्ट ऑफ ऑनर एमजेएफ डॉ. रिपुदमन सिंह पुसरी द्वितीय वाइस गवर्नर, रीजन चेयरपर्सन एमजेएफ चंदा बंसल एवं जोन चेयरपर्सन डॉ.रश्मि जीतपुरे उपस्थित रहीं। अतिथियों ने क्लासिक प्लस के सेवा कार्यों एवं महिला क्लब, फैमिली मेंबर्स की सराहना की। विशेष हंगर रिलीफ के तहत भोजन वितरण, जरूरत मंद निर्धन महिला को सिलाई मशीन वितरित की गई। स्वास्थ्य शिविर, नेत्र शिविर, ब्लड डोनेशन एवं पीस पोस्टर प्रतियोगिता एवं डिस्ट्रिक्ट के अन्य सेवा कार्यों की प्रशंसा की। इस कार्यक्रम में अध्यक्ष कमलेश गुप्ता, माधवी स्वर्णकार, निशा गुप्ता, रेनू गुप्ता, कविता गुप्ता, मीनाक्षी सिंह, प्रीति गुप्ता, पदमा गुप्ता, निकिता जयसिंह, विनीता चरण, लक्ष्मी सराफ, कौशिल्या तिवारी, मंजू सोनी, शारदा गुप्ता, विजया शांति गुप्ता, राजेश मिश्रा, महेश स्वर्णकार, विष्णु गुप्ता, आशीष गुप्ता, किशोरी गुप्ता, अजय गुप्ता, सुशील सराफ, परमेश्वर तिवारी, शिवेंद्र प्रताप, विशाल गुप्ता, अरशद खान, राकेश गुप्ता, हीरानंद जयसिंह, कल्पना गुप्ता, आकाश गुप्ता, स्नेहा गुप्ता, अशोक स्वर्णकार, संजीव गुप्ता, नवल किशोर गुप्ता आदि मौजूद थे।

### श्रद्धालुओं ने किए अमरनाथ गुफा और द्वादश ज्योतिर्लिंगों के दिव्य दर्शन



**बिलासपुर।** ब्रह्माकुमारीज हेमुनगर ओमशांति कॉटेज द्वारा महाशिवरात्रि महोत्सव का आयोजन 25 से 27 फरवरी तक हेमुनगर में संपन्न हुआ। जिसमें महापौर पूजा विधानी मुख्य अतिथि रहीं। उन्होंने कहा कि भगवान शिव की भक्ति से व्यक्ति के जीवन में शांति, सकारात्मकता और शक्ति का संचार होता है, मानव का मानव से प्रेम पूर्ण व्यवहार होना अति आवश्यक है, जिसके लिए हमें मन को शुद्ध करना चाहिए। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने अमरनाथ गुफा एवं द्वादश ज्योतिर्लिंगों के दिव्य दर्शन का लाभ लिया। वहीं दिव्य, भव्य और मनमोहक झांकी ने उपस्थित भक्तों को शिवलोक की अनुभूति कराई। कार्यक्रम में आध्यात्मिक प्रवचन एवं राजयोग ध्यान द्वारा आत्मिक शांति और जागरूकता का संदेश दिया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से शिव महिमा का सुंदर चित्रण किया गया। भक्तों ने मनोकामनाओं का दीपक जलाकर अपने शुभ संकल्पों की अभिव्यक्ति की। इस अवसर पर हेमुनगर सेवाकेंद्र की संचालिका बीके लता बहन ने कहा कि भगवान शिव साकार रूप में नहीं आते। वे निराकार परमपिता परमात्मा हैं, जो ज्ञान और शांति के सागर हैं। महाशिवरात्रि हमें याद दिलाती है कि आत्मा को अपनी वास्तविक स्वरूप की पहचान कर परमात्मा पिता की याद से अपने मन को शुद्ध करना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में सभी श्रद्धालुओं ने शिव आरती और महाप्रसाद ग्रहण कर इस भव्य आयोजन को सफल बनाया।

## एजुकेशन प्लस

### चौकसे कॉलेज में एससीआई टीच-2.0 का आयोजन कल से




**बिलासपुर।** चौकसे ग्रुप ऑफ़ कॉलेजेस द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर अंतरमहाविद्यालयीन एससीआई- टीच 2.0 साइंस स्पर्धा का आयोजन 27 फरवरी से 1 मार्च तक किया जा रहा है। जो कि साइंस टेक्नोलाजी एण्ड इनोवेशन थी पर आधारित है। यह साइंस पर आधारित माडल प्रतियोगिता, पोस्टर, क्विज, स्लोगन, डिबेट, पिक्टोरियल एसे, रील, नुक्कड़ नाटक स्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही कल्चर पर आधारित नृत्य व गायन प्रतियोगिता भी होगी। यह स्पर्धा एसईसीएल द्वारा प्रायोजित है। नेशनल साइंस डे 1987 से हर साल 28 फरवरी के दिन मनाया जाता है।। इस दिन वैज्ञानिक डा. सीवी रमन के प्रभाव की खोज की थी। महाविद्यालय द्वारा वर्ष 2024 से नेशनल साइंस डे पर इस प्रतियोगिता की शुरुआत की गई थी। महाविद्यालय ग्रुप के प्रबंध निदेशक डाक्टर आशीष जायसवाल ने बताया कि हमारे महाविद्यालय द्वारा यह आयोजन अंतर महाविद्यालयीन प्रतियोगिता पर आधारित है। इसमें भाग लेने के लिए विद्यार्थी क्यूअर कोड तथा महाविद्यालय की वेब साइड से निःशुल्क रजिस्टर कर सकते हैं। श्री जायसवाल ने बताया कि आयोजन की तैयारी पूरी करने के लिए इसमें विभिन्न कॉलेजों के छात्र भाग लेकर अपनी प्रतिभा का परिचय दे सकते हैं।

17 में से भाजपा के पास 9 सदस्य, कांग्रेस की निगाह निर्दलियों पर

# जिपं अध्यक्ष के लिए उठापटक शुरू, 5 मार्च को होगा चुनाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अंतिम चरण के चुनाव परिणाम की घोषणा के बाद जिला पंचायत अध्यक्ष पद के लिए उठापटक शुरू हो गई है। जिला




पंचायत में कुल 17 सदस्यों में 9 सदस्य भाजपा के जीतकर आए हैं, जिससे भाजपा बहुमत में हैं। दूसरी तरफ कांग्रेस की निगाह निर्दलीय सदस्यों पर लगी है और कांग्रेस उन्हें अपने तरफ करने का प्रयास में जुटी हुई है। जिला पंचायत में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष पद को लेकर भारतीय जनता पार्टी में संगठन स्तर पर कवायद चालू हो गई है। जिला पंचायत अंतर्गत कुल 17 निर्वाचन क्षेत्र आते हैं, जिसमें तीन चरणों के चुनाव में भाजपा समर्थित 9 सदस्य चुनाव जीतकर आए हैं, इसलिए भाजपा का अध्यक्ष, उपाध्यक्ष बनना तय है। दूसरी ओर कांग्रेस समर्थित 4 सदस्य चुनाव जीतकर आए हैं, वहीं कुछ कांग्रेस के ही निर्दलीय के रूप में चुनाव जीतें हैं, इसलिए कांग्रेस की निगाह इन निर्दलीय प्रत्याशियों की ओर लगी हुई है और कांग्रेस भी बहुमत के करीब आने के प्रयास में जुटी हुई है जो कि मुश्किल लग रहा है। इधर शासन से जिला पंचायत अध्यक्ष के चुनाव को लेकर कार्यक्रम जारी हो गया है। जिला पंचायत अध्यक्ष का चुनाव 5 मार्च को होगा। इसलिए भाजपा और कांग्रेस अपने-अपने निर्वाचित सदस्यों को संभालने में लग गई।



### अध्यक्ष के लिए अरूणा व राजेश दावेदार

जिला पंचायत अध्यक्ष का पद इस बार एससी वर्ग के लिए आरक्षित हुआ है। जिला पंचायत में भाजपा के ज्यादा सदस्य चुनाव जीतें हैं इसलिए अध्यक्ष भी भाजपा का बनना है। भाजपा में एससी वर्ग से बिल्हा क्षेत्र क्रमांक 2 से राजेश सूर्यवंशी चुनाव जीते हैं और पहले भी जिला पंचायत सदस्य रह चुके हैं। एससी वर्ग से मस्तूरी क्षेत्र क्रमांक 11 से अरूणा चन्द्रप्रकाश सूर्या चुनाव जीतीं हैं। भाजपा से जिला पंचायत अध्यक्ष पद के लिए यहीं दो दावेदार प्रमुख माने जा रहे हैं इसलिए इन दोनों में किसी एक को ही जिला पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी मिलना है।

### अंतिम चरण के परिणाम की घोषणा

जिला पंचायत सीईओ और रिटर्निंग आफिसर संदीप अग्रवाल ने तीसरे चरण के मतदान के सारणीकरण के बाद जिला पंचायत सदस्य चुनाव परिणाम की आज घोषणा की। इसके साथ ही नवनिर्वाचित सदस्यों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। तीसरे चरण में कोटा ब्लॉक एवं तखतपुर ब्लॉक में चुनाव हुए हैं। इसमें जिला पंचायत के 7 निर्वाचन क्षेत्र आते हैं जिसमें चार क्षेत्र तखतपुर में तथा तीन क्षेत्र कोटा ब्लॉक के हैं। आज जिला पंचायत में चुनाव परिणाम की घोषणा अवसर पर तखतपुर विधायक धरमजीत सिंह, पूर्व विधायक श्रीमती रश्मि सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सिंह, कांग्रेस के आशीष सिंह सहित कई जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

### जिला पंचायत में ये हैं सदस्यों की स्थिति

1. अनुसुईया जागेन्द्र कश्यप - भाजपा
2. राजेश सूर्यवंशी - भाजपा
3. श्रीमती स्मृति श्रीवास - निर्दलीय
4. श्रीमती अनिता शुक्ला - कांग्रेस
5. गोविंद राम यादव - भाजपा
6. ललिता कौशिक - भाजपा
7. शिवेन्द्र प्रताप कौशिक - कांग्रेस
8. भारती माली - भाजपा
9. अम्बिका विनोद साहू - भाजपा
10. राजेन्द्र धीवर - कांग्रेस
11. श्रीमती अरूणा चन्द्रप्रकाश सूर्या - भाजपा
12. दामोदरकांत - निर्दलीय
13. सतकली बावरे - निर्दलीय
14. राधाखिलावन पटेल - भाजपा
15. निरंजन पैकरा - भाजपा
16. रजनी मरकाम - कांग्रेस
17. जयकुमारी प्रभु जगत - निर्दलीय

## जिला पंचायत सदस्य ने लगाया प्रमोद पर भीतरघात का आरोप

▪ तखतपुर क्षेत्र क्रमांक सात से चुनाव जीते हैं शिवेन्द्र

कांग्रेस में विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। नगरीय निकाय चुनाव के बाद अब त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का फैसला आते ही शिकायतें शुरू हो गई हैं। तखतपुर क्षेत्र क्रमांक 7 के कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी शिवेन्द्र प्रताप कौशिक ने चुनाव में भितरघात की शिकायत कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं से की है। हालांकि वे जिला पंचायत सदस्य का चुनाव जीत गए हैं।

शिवेन्द्र प्रताप कौशिक की शिकायत में कहा गया है कि क्षेत्र क्रमांक 7 से वे कांग्रेस के समर्थित प्रत्याशी थे, इसके बाद भी पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष एवं महापौर प्रत्याशी रहे प्रमोद नायक ने भाजपा समर्थित प्रत्याशी के पक्ष में गांवों का दौरा किया। इसी तरह एनएसयूआई के विधानसभा अध्यक्ष सत्यम ताम्रकार एवं सेवादल के संगठन महामंत्री प्रदीप ताम्रकार द्वारा चुनाव में उनके विरूद्ध प्रचार किया गया। सत्यम एवं प्रदीप द्वारा निर्दलीय प्रत्याशी नवीन तिवारी के पक्ष में चुनाव प्रचार किया गया है। उन्होंने प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट,प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज सहित संगठन के अन्य नेताओं से इस मामले में कार्रवाई की मांग की है।

हालांकि आज चुनाव परिणाम की घोषणा हुई है, उसमें शिवेन्द्र क्षेत्र क्रमांक 7 से चुनाव जीत गए हैं और उन्हें चुनाव में कुल 9 हजार 395 वोट मिले हैं, जबकि निंदलीय प्रत्याशी नवीन तिवारी को 5 हजार 507 वोट ही मिल पाए।

### की गई है शिकायत

जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 7 से मैं कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहा था, लेकिन चुनाव दौरान मेरे खिलाफ भितरघात हुआ है। इसकी शिकायत मैंने संगठन से की है।

**-शिवेन्द्र प्रताप कौशिक**
नवनिर्वाचित जिपं सदस्य

### बिल्हा जनपद क्षेत्र के प्रत्याशी ने की शिकायत

बिल्हा जनपद पंचायत अंतर्गत क्षेत्र क्रमांक 12 के प्रत्याशी दीपक कुमार लिबर्टी ने बिल्हा जनपद पंचायत के रिटर्निंग अधिकारी से शिकायत की है कि मतगणना के दौरान वे 32 वोट से चुनाव जीत गए थे, किन्तु सारणीकरण में उनके प्रतिद्वंदी को जीत का प्रमाण पत्र दे दिया गया। बिल्हा जनपद पंचायत के रिटर्निंग आफिसर से शिकायत करने के बाद प्रत्याशी दीपक अपने समर्थकों और वकील के साथ आज कलेक्टोरेट, जिला पंचायत शिकायत करने पहुंचे थे। उसने बताया कि बिल्हा जनपद क्षेत्र क्रमांक 12 से वह प्रत्याशी था, जिसका चुनाव 20 फरवरी को संपन्न हुआ। इस क्षेत्र से कुल 7 प्रत्याशी मैदान में थे। चुनाव के बाद गणना के दौरान वह अपने निकटतम प्रतिद्वंदी से 32 वोट से चुनाव जीत गया था और उसे 1585 वोट मिले थे, जबकि अन्य प्रत्याशियों में अल्का ज्वाला सूर्यवंशी को 887 वोट, बुद्धनाथ टैगोर को 1553 वोट, दुर्गा करियारे को 278 वोट, कपिलनाथ सूर्यवंशी को 591 वोट, कुंती मेहर को 842 वोट, लोकप्रकाश दीवाकर को 1001 वोट मिले। लेकिन सारणीकरण के बाद उसके निकटतम प्रतिद्वंदी को जीत घोषित कर प्रमाण पत्र दे दिया गया। उन्होंने इसकी शिकायत करते हुए निर्वाचित होने का प्रमाण पत्र की मांग की है।

## केन्द्रीय जेल में महाकुंभ, कैदियों ने किया गंगा स्नान, लगाई डुबकी



**बिलासपुर।** केन्द्रीय जेल बिलासपुर में मंगलवार को सुबह प्रयागराज महाकुंभ से मंगाए गए गंगा जल से कैदियों का सामूहिक स्नान करवाया गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देश पर जेल में बंद कैदियों ने पहली बार आध्यात्मिक स्नान का आनंद उठाया।

केंद्रीय जेल में बंद करीब दो हजार कैदियों ने हर-हर गंगे की जप के साथ डुबकी लगाई। केन्द्रीय जेल में दो दिन पहले प्रयागराज से पहुंचे गंगा जल को पूजा-अर्चना कर विधि-विधान से जेल की चहार दीवारियों के भीतर लाया गया। कैदियों की भजन मंडली ने जेल के मुख्य द्वार से गंगा जल को सुंदरता से सजाई गई मटकियों में रख कर टंकियों और अन्य कैदियों तक पहुंचाया। महाकुंभ स्नान को लेकर जेल प्रशासन ने पहले से तैयारियां कर रखी थीं। जेल अधीक्षक खोमेश मंडावी ने बताया कि कैदियों के नहाने वाली टंकी को भी चारों तरफ से सजाया गया था। सरकार के साथ ही जेल प्रशासन ने अपनी ओर से 40 लीटर गंगा जल की व्यवस्था कर रखी थी, जिससे कैदियों ने स्नान किया। किसी ने लोटे से स्नान किया तो कईयों ने टंकी में डुबकी लगाई। कैदियों ने राज्य शासन के जेल में गंगा स्नान कराने की पहल की सराहना की है। उन्होंने कहा कि इससे कैदियों को मानसिक और आत्मिक शांति प्राप्त होगी।

## 12 सूत्रीय मांगों को बजट में शामिल करने की मांग

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने प्रदेश सरकार से कर्मचारी एवं पेंशनरों का महंगाई भत्ता सहित 12 सूत्री मांगों को बजट में शामिल करने की मांग की है।

इस संबंध में संघ के प्रांत अध्यक्ष जी आर चंद्रा ने बताया कि केंद्र के समान राज्य के कर्मचारी एवं पेंशनरों को महंगाई भत्ता सहित विभिन्न मांगों को लेकर प्रदेश के सभी जिलों में 17 जनवरी 2025 को मुख्य मंत्री एवं मुख्य सचिव को कलेक्टरो के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया था। उन्होंने बताया कि चुनाव के पूर्व घोषणा पत्र (मोदी गारंटी) में किए गए वादों के अनुरूप सरकार गठन के 1 वर्ष के पश्चात भी उचित निर्णय लेकर लागू नहीं किए जाने से प्रदेश के कर्मचारियों में हताशा एवं आक्रोश है। इसे ध्यान आकर्षण करने 12 सूत्री मांगों जिसमें केंद्र के समान महंगाई भत्ता, चार स्तरीय वेतनमान, 300 दिनों का अर्जित अवकाश, सभी संवर्ग के कर्मचारियों के वेतन विसंगति दूर करने, लंबित पदोन्नति प्रक्रिया पूर्ण करने, संविदा, दैनिक, अनियमित कर्मचारियों के रिक्त पदों को नियमित करने तथा मध्यप्रदेश की भांति सेवा सुरक्षा, श्रम सम्मान निधि का भुगतान आदेश सभी विभागों में देने, अनुकंपा नियुक्ति के स्वीकृत पदों पर 10% का नियम शिथिल करने, संघों को विभाजित मध्य प्रदेश की भांति स्थाई मान्यता देने की मांग शामिल है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में छत्तीसगढ़ में ट्रिपल इंजन सरकार का गठन हो चुका है।

## एसईसीएल ने की निशुल्क टीबी जांच

**बिलासपुर।** राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत एसईसीएल द्वारा 48 निक्षय शिविर कर मुख्यालय एवं संचालन क्षेत्रों में 2389 लोगों की जांच की। टीबी जागरूकता के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के 100 दिवसीय राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में एसईसीएल का योगदान रहा है। एसईसीएल द्वारा मुख्यालय एवं संचालन क्षेत्रों में निक्षय शिविर का आयोजन कर एसईसीएल कर्मियों एवं आमजनों की निशुल्क टीबी जांच की जा रही है। एसईसीएल द्वारा कंपनी के मुख्यालय बिलासपुर एवं छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में स्थित अपने संचालन क्षेत्रों में अब तक लगभग 48 निक्षय शिविर आयोजित कर 2389 लोगों की निशुल्क टीबी जांच की गई है। लोगों को टीबी के प्रति जागरुक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन जा रहा है। इसमें कार्यस्थलों पर लोगों को निक्षय शपथ दिलाना, धार्मिक स्थलों जैसे मंदिरों, गिरिजाघरों आदि में जागरूकता शिविर लगाया गया।



### टीबी मुक्त भारत का विजन

यह 100-दिवसीय अभियान राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तत्वावधान में राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के व्यापक ढांचे का अंग है, जो टीबी उन्मूलन के लिए नैशनल स्ट्राटेजिक प्लान 2017-2025 का अंग है। इस रोग के सामाजिक-आर्थिक प्रभावों को दूर करने पर केंद्रित है। यह महत्वाकांक्षी पहल 2018 के टीबी उन्मूलन शिखर सम्मेलन में पीएम मोदी द्वारा निर्धारित विजन को प्रतिबिम्बित करती है, जिसमें उन्होंने 2025 तक भारत को टीबी मुक्त बनाने का आह्वान किया था।

## रेल कर्मचारियों का सम्मान



**बिलासपुर।** पटरी पर चल रही ट्रेनों को दुर्घटना से बचाने वाले रेल कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। मंगलवार को एसईसीआर के तीनों डिवीजन में कार्यरत 11 कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट एवं सराहनीय संरक्षा संबंधी कार्य निष्पादन के लिए प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर संजय बिश्वास ने सम्मानित किया।

इन कर्मचारियों में बिलासपुर डिवीजन में कार्यरत स्टेशन मास्टर रौशन कुमार, बिलासपुर मंडल के सक्ती स्टेशन में कार्यरत ट्रैक मेंटेनर 3 प्रदीप कुमार, तरह बिलासपुर डिवीजन के मड़वारानी स्टेशन में यातायात सहायक 1 संजीव कुमार, बिलासपुर डिवीजन के किरोड़ीमल नगर में सहायक यातायात 1 रामनारायण, बिलासपुर डिवीजन के बेलपहाड़ स्टेशन में कार्यरत ट्रैक मेंटेनर 2 संजय कुमार सिंह ने 12 जनवरी को, रायपुर डिवीजन के मांढर में कार्यरत स्टेशन मास्टर दुर्गेश कुमार आदि शामिल हैं।


कार्यालय प्राचार्य
JK EDUCATIONAL INSTITUTE OF SCIENCE, ARTS & COMMERCE Karra, Bilaspur (C.G.)
क्रमांक/JKEISAC/2025/0209 दिनांक ..........

// शैक्षणिक पद हेतु //

| क्र. | पदनाम एवं संख्या | | | विषय |
|---|---|---|---|---|
| 01 | प्राचार्य | - | 01 पद | ---- |
| 02 | सहायक प्राध्यापक | - | 01 पद | वाणिज्य |
| 03 | सहायक प्राध्यापक | - | 01 पद | इतिहास |
| 04 | सहायक प्राध्यापक | - | 01 पद | राजनीति विज्ञान |
| 05 | सहायक प्राध्यापक | - | 01 पद | समाजशास्त्र |
| 06 | सहायक प्राध्यापक | - | 01 पद | वनस्पति शास्त्र |
| 07 | सहायक प्राध्यापक | - | 01 पद | प्राणी शास्त्र |
| 08 | सहायक प्राध्यापक | - | 01 पद | रसायन शास्त्र |
| 09 | सहायक प्राध्यापक | - | 01 पद | हिन्दी |
| 10 | सहायक प्राध्यापक | - | 01 पद | अंग्रेजी |
| 11 | सहायक प्राध्यापक | - | 01 पद | संगणक विज्ञान |

अशैक्षणिक पद हेतु –
1. ग्रंथपाल -01 पद 2. सहायक ग्रंथपाल - 02 पद 3. लेखापाल - 01 पद
4. कार्यालय सहायक - 01 पद 5. क्रीड़ा अधिकारी - 01 पद
6. प्रयोगशाला सहायक/प्रयोगशाला तकनीशियन - 01 पद
(वनस्पति शास्त्र, प्राणी शास्त्र, रसायन शास्त्र, संगणक विज्ञान)
नोट : 1. योग्यता : BCI/UGC एवं छ.ग. शासन के द्वारा निर्धारित योग्यता
2. वेतनमान : BCI/UGC एवं छ.ग. शासन के नियमानुसार मूल वेतन प्रदान किया जायेगा।
3. आवेदनकर्ता अपना बायोडाटा E-mail: principal.jkiasc@gmail.com पर विज्ञापित दिनांक से 10 दिवस के भीतर प्रेषित करें।
Contact No. : 9827190018, 9589159370





25- FEB- COR- MAIN- Pg- 6 Choupal_Layout 1 2/26/2025 12:09 AM Page 1



गांव की कहानी
गोविन्द साव

# भगवान नारायण के आने पर गांव का नाम पड़ा नारायणपुर



छत्तीसगढ़ का बस्तर, सरगुजा और आदिवासी अंचल में प्राचीन और ऐतिहासिक महत्व के अनेक प्रमाण मिलते हैं। इतना ही मैदानी इलाकों में भी अनेक धार्मिक महत्व के स्थान देखने को मिलते हैं। इसी संदर्भ में माना जाता है कि प्रभु श्रीराम नदी मार्ग से होते हुए मल्हार से वर्तमान बलौदा बाजार - भाटापारा जिला अंतर्गत कसडोल के पास नारायणपुर पहुंचे थे। यह नारायणपुर राजधानी रायपुर से 35 कि मी दूरी पर महानदी के तट पर एक छोटा सा गांव है। नारायणपुर की इतिहास के सम्बन्ध में किंवदंती है कि श्रीराम वनगमन करते हुए नदी मार्ग से मल्हार के रास्ते हुए कसडोल क्षेत्र में प्रवेश कर नारायणपुर पहुंचे थे। इस ग्राम में स्थापित शिव मंदिर की शिल्पकला की कृतियां उत्कृष्ट एवं मनोहारी हैं। इस मंदिर के सम्बन्ध में किंवदंती है कि रामचन्द्र जी वनगमन के समय यहां पहुंच कर इस मंदिर में स्थापित शिवलिंग की पूजा अर्चना कर आगे वनगमन में बढ़े थे, चूंकि स्वयं नारायण (श्रीराम ) के पग स्थान पर पड़े थे। अतः उन्हीं के नाम पर इस स्थान का नाम नारायणपुर रखा गया है।

लोक साहित्य
श्यामा सिंह

# बघेली भाषा का प्रभाव क्षेत्र छत्तीसगढ़ में



मध्य भारत के बघेलखंड में बोली जाने वाली बोली बघेली कहलाती है। प्राचीन ग्रंथों में बघेलखंड का नाम करुष मिलता है। करुष का शाब्दिक अर्थ क्षुधा होता है। बघेली लोक जीवन अभावों और संकटों से घिरा रहा है। बघेलखंड के अन्य नाम भी मिलते हैं जैसे -बघेला, बघेलवारी, घेलान। बघेली मध्य प्रदेश के रीवा, सतना, सीधी, उमरिया, अनूपपुर, शहडोल, उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर, छत्तीसगढ़ के बिलासपुर एवं कोरिया जिलों में बोली जाती है। बघेली बोली के अन्य नाम भी मिलते हैं जैसे बघेलखंडी, रिमही, रिवाई और रिवॉई। बघेली पहले श्रीहर्ष लिपि में लिखी जाती थी। बघेलखंड के पूर्व में भोजपुरी, उत्तर में अवधी, पश्चिम में बुंदेली और दक्षिण पूर्व में छत्तीसगढ़ छत्तीसगढ़ी बोली जाती है। इसी बोली के आधार पर बघेली को तीन भागों शुद्ध बघेली,पश्चिम मिश्रित बघेली और दक्षिणी मिश्रित बघेली। इन तीनों बोली का प्रभाव क्षेत्र भी अलग अलग देखने को मिलता है। इनकी चार उपबोलियों में तिरहारी, गहोरा, जुड़ार और गोंडवानी हैं।

## पुस्तक समीक्षा

# छत्तीसगढ़ी लोकगीतों एवं हिन्दी राष्ट्रीय गीतों का संग्रह




कृति के नाव
छत्तीसगढ़ी लोकगीतों एवं हिन्दी राष्ट्रीय गीतों का संग्रह

लेखक
दानीराम वर्मा

प्रकाशक
वर्मा प्रकाशन रायपुर

पुस्तक समीक्षा
डॉ. डी. पी. देशमुख

लेखक जीवन भर अपने शिक्षकीय दायित्वों को निर्वहन करते हुए अनेक शासकीय क्रियाकलापों को भी सहजता से निभाते रहे। इस दौरान समय निकाल कर लेखन भी करते रहे। अभी आप पूर्णकालीन साहित्य सेवा में लगे रहते हैं। आपकी कई कृतियां पूर्व में भी छत्तीसगढ़ी में प्रकाशित हो चुकी हैं। इसी क्रम में आपने ' छत्तीसगढ़ी लोक गीतों एवं हिन्दी राष्ट्रीय गीतों का संग्रह ' भी प्रकाशित कराया है, जिसमें प्रकृति चित्रण, खेत खलिहान, तीज तिहार, कला संस्कृति के पहलुओं को रेखांकित किया है। नाचा गीत, बरसा आगे, करम फुटहा, बोहरही मेला, महुआ छांव तले, चुल्लू भर पानी में डूब मरेंगे जैसे शीर्षकों से गीत लिख कर आंचलिकत संस्कृति को रखने का अच्छा प्रयास इस पुस्तक में देखने मिल रही है।

आदिवासी मुरिया समाज विभिन्न अवसरों पर कई प्रकार के गीत गाता है, जिसे अलग अलग नाम से पुकारा जाता है। मूरिया जनजाति के लोकगीत प्रायः ' रिलो रोयलो रिलो ' के अलाप से या इसी तर्ज पर गाया जाता है और जिसे भी नेग में गाते हैं उसे वही नाम दे दिया जाता है।



# वैवाहिक अवसरों पर आदिवासी मुरिया समाज का पाटा गीत



संस्कृति: शिव कुमार पाण्डेय

मंडप में चेलिक मोटियारिन गीत गाते हुए नृत्य करती हैं, इस गीत का नाम पूछने पर वे इसे मांडो पाटा (मंडप गीत) कह देते हैं, जबकि यह करसा पसीहना (कलश परिक्रमा ) का ही एक भाग होता है। इसी तरह जोड़ा पाटा ( विवाह सामग्री सौंपने का एक गीत) के एक भाग को गतलांग होपेकियाना पाटा (साड़ी सौंपने का गीत) कहा जाता है। विवाह के कई अवसरों पर गांव की महिलाएं समधी को आदर देते मजाक करते हुए गीत गाती हैं, इसे ' पारी पाटा ' (समधी गीत) कहा जाता है। इस गीत में समधी से निवेदन किया जाता है कि बेटी अब तुम्हारी हुई, इसको अच्छे से रखना यह अभी अबोध है, इसकी गलती माफ कर देना आदि। यह गीत विदाई का ही भाग है, जिसे समधी के सम्मान में गाया जाता है। इसी तरह करसा पाटा ( खेल गीत) है। यह कोई खेल खेलते हुए नहीं बल्कि मनोरंजन के लिए गाया जाता है। केयना पाटा (बुलावा गीत ) यह वर्षा नहीं होने पर वर्षा के आगमन के लिए गाया जाता है। उदना पाटा ' बैठक गीत ' यह बैठक के समय गाया जाता है। खुशी के पल को उजागर करने करने के लिए कोलांग पाटा गाया जाता है। इस प्रकार आदिवासी मुरिया समाज में हर संस्कार में उनके अपने गीत गाते हैं।



पर्यटन: अर्चना पाठक

# महाशिवरात्रि पर मेले का आयोजन होता है भैंसामुंडा जलप्रपात में



सरगुजा अंचल में अंबिकापुर -बनारस मार्ग में 40 कि मी दूरी पर भैंसामुंडा नामक स्थान है। यहां से एक अन्य मार्ग पर सारासोर स्थल है। इस स्थल पर नदी के तट पर दो पहाड़ियों के बीच से तेज गति में जलधारा बहती है। इस जलधारा के मध्य एक छोटा सा मंदिर है जिसे गंगा धाम के नाम से जाना जाता है। यहां पर टापू के पूर्वी उत्तर एवं पश्चिमी भाग में अथाह जल कुंड है। यहां वर्ष भर पर्यटक आते रहते हैं, तथा महाशिवरात्रि पर मेले का आयोजन भी होता है। यह मेला पहाड़ी की तराई पर निर्मित शिव मंदिर के पास लगता है। इस ऐतिहासिक मेले में अपार भीड़ देखी जाती है। इस ख्याति प्राप्त स्थल को देखने वर्ष भर पर्यटक आते रहते हैं।

सूरता
हरीशचंद्र वाद्यकार

# दूरदर्शिता चित्रित होता था सागर की रचनाओं में

आशावादी रचनाकार गेंदराम सागर जी का जन्म बिलासपुर अंचल के शक्ति तहसील के टेमर गांव में सन 1943 को हुआ था। साहित्य के साथ कला क्षेत्र में रुझान होने के कारण आप अपने गांव के रेत पर मूर्तियां उकेरा करते थे। आप चिंतनशील व्यक्ति थे। शिक्षा के क्षेत्र में आदर्श शिक्षक के लिए राष्ट्रपति और राज्यपाल पुरस्कार के साथ ही अनेक सम्मान आपको मिले। समाज में फैली विद्रूपताओं को गंभीरता से सोचते और लिखते -

जात पात के भेद मिटाएन
छुआछूत के मेवा रे
जीयत भर ले करबो संगी
छत्तीसगढ़ के सेवा रे
बन के गाज कभू नई बरसन
करबो सबके सेवा रे।

सागर जी का रचना संसार व्यापक रहा है।

आपकी संग्रहित रचनाओं में कैवल्य भजन संग्रह,फूल भंवरा - छत्तीसगढ़ी काव्य संग्रह, गरीबीन के बेटी - छत्तीसगढ़ी खंडकाव्य, धरती मोर परान- छत्तीसगढ़ी नाटक, सती मोह - छत्तीसगढ़ी खंड काव्य। चंद्रहास - खंडकाव्य, श्री भगवती तुलसी चालीसा, श्री साईं चालीसा जैसे अनेक विधाओं पर आपकी लेखनी रही। कला, संस्कृति और साहित्य का अच्छा संतुलन आपके व्यावहारिक दिनचर्या में देखने को मिलता था। अचानक इस दुनिया से वे विदा हो गए। आज सागर जी हमारे बीच नहीं हैं लेकिन उनकी रचना संसार से हमारे आसपास ही उपस्थिति का अहसास हमें होता है।



ऐतिहासिक
कृष्णा रंजन

# सरगुजा में उतार चढ़ाव से भरा रहा अजीत सिंह का शासन काल

सन 1759 ई. में सरगुजा मराठों की सेना ने अकस्मात चढ़ाई कर दी और यहां के राजा को बरार की राजा की अधीनता स्वीकार कर लेने पर मजबूर कर दिया। इस समय सरगुजा में अजीत सिंह नामक राजा राज्य कर रहा था। उसे मराठों के समक्ष आत्मसमर्पण करना पड़ा, क्योंकि वह अत्यंत चालाक और कूटनीतिज्ञ तो था ही, सैन्य दृष्टिकोण से वह कमजोर भी था। समय पाकर सन 1792-93 के मध्य अजीत सिंह ने अंग्रेजों के विरुद्ध एक बलवा शुरू करवा दिया और खुद भी उसमें शामिल हो गया। इसका उसे सीधा लाभ मिला।

अजीत सिंह आगे बढ़ कर रांची जिले के बरवे परगना पर अधिकार कर लिया। उधर अंग्रेज सरकार ने अजीत सिंह, जिस बरार के राजा के अधीन था, उसे हस्तक्षेप कर स्थिति सुधारने की प्रार्थना की। बरार के कथित राजा ने तत्काल अजीत सिंह के विरुद्ध कार्यवाही की किन्तु कोई परिणाम नहीं निकला। इसका दुष्परिणाम यह अवश्य हुआ कि हुआ कि अजीत सिंह स्वयं अपने गृह कलह में फंस गया। इसी चिंता में वह अंततः प्राण त्याग दिया। इसके मृत्यु के बाद उसका भाई लाल संग्राम सिंह सक्रिय हो गया। उसने छल से विधवा भाभी से छल कर सरगुजा की राजगद्दी पर बैठ गया। इससे सरगुजा में अशांति फैल गई। अंग्रेजों ने कर्नल जांस को शांति स्थापित करने के लिए सेना लेकर सरगुजा भेजा। यहां शांति स्थापित करने के बहाने अंग्रेजों ने लाल संग्राम सिंह को अंग्रेजी हुकूमत के सामने घुटने टेक कर समझौता करने के लिए मजबूर कर दिया। संग्राम सिंह इस घटना से भूमिगत हो गया और अजीत सिंह के नाबालिक बेटे बलभद्र सिंह के बेटे को सिंहासन पर बैठाया। राज्य कार्य के लिए अजीत सिंह के भाई जगन्नाथ सिंह को अधिकार दिया गया। किन्तु जैसे ही सरगुजा सीमा से अंग्रेज बाहर हुए वह पुनः आ डटा।



# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, बुधवार 26 फरवरी 2025

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




## कार्यक्रम

### स्पिक मैके का कार्यक्रम 28 से नृत्य-संगीत की होगी प्रस्तुति

**बिलासपुर।** युवाओं के बीच भारतीय शास्त्रीय संगीत और संस्कृति को बढ़ावा देने वाली संस्था स्पिक मैके का आयोजन 28 फरवरी से चार दिवसीय होने जा रहा है, जिसकी तैयारियों को लेकर गुरूवार को बैठक होगी। एक बार फिर से यह सौभाग्य हम छत्तीसगढ़ वासियों को मिलने जा रहा है, जिसमें



संस्था के संस्थापक डा. किरण सेठ स्वयं लोगों से रूबरू होकर उन्हें स्पीक मैके संबंधी छोटी से छोटी जानकारी प्रदान करने वाले हैं। यह एक स्वैच्छिक युवा आंदोलन है, जो भारतीय शास्त्रीय संगीत, शास्त्रीय नृत्य, लोक संगीत, योग, ध्यान, शिल्प और भारतीय संस्कृति के अन्य पहलुओं को बढ़ावा देकर भारतीय संस्कृति के विरासत के अमूर्त पहलुओं को बढ़ावा देता है। जिसकी दुनिया भर में 300 से अधिक शहरों में शाखाएं हैं। स्पीक मैके की स्थापना डा. किरण सेठ ने सन 1977 में आईआईटी दिल्ली में की थी। डा. अजय श्रीवास्तव एवं एंपावर एजुप्रीन्योर के डायरेक्टर गोविंद मुदिलर इसमें शामिल होंगे। इस बैठक के उपरांत क्लासिकल सीरीज का शुभारंभ देश के मशहूर सितार वादक उस्ताद साहिद परवेज की अद्भुत प्रस्तुति के द्वारा किया जाएगा। यह अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन इतना भव्य व अद्भुत होता है कि इसमें देश ही नहीं बल्कि विदेशों से भी लोग शामिल होते हैं और भारतीय संस्कृति व कलाओं का आनंद उठाते हैं।

## आयोजन

### रामसेतु चौक में हनुमान जन्मोत्सव की रहेगी धूम



**बिलासपुर।** श्री हनुमान सेवा समिति, मित्रों एवं रामसेतु चौक द्वारा पं. रामदुलारे दुबे स्कूल प्रांगण में समिति के सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें हनुमान जन्मोत्सव आयोजन को लेकर सुझाव लिया गया एवं समिति के सदस्यों को जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में अध्यक्ष अभिनव तिवारी, उपाध्यक्ष आलोक घई, महिला उपाध्यक्ष आशा सिंह, कोषाध्यक्ष मनीष अग्रवाल, सचिव विशाल ताम्रकार, सह-सचिव ज्योत्सना मिश्रा चुने गए हैं। मनोनयन के बाद सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों एवं बैठक में उपस्थित वरिष्ठों एवं साथियों को तिलक लगाकर श्रीफल एवं रामपट्टा सम्मान स्वरूप दिया गया। समिति द्वारा संरक्षकों को भी आगे आकर कार्य करने की जिम्मेदारी सौंपी गई। समिति के मिक्की मिश्रा ने बताया कि इस समिति की शुरुआत वर्ष 2016 में सामाजिक एवं धार्मिक कार्य करने बनाया गया था। जिसमें समिति द्वारा प्रत्येक माह के प्रथम मंगलवार को रामसेतु चौक में स्थित दक्षिणमुखी श्री हनुमान मंदिर में सुंदरकांड व श्री हनुमान चालीसा का महापाठ कर श्री हनुमान की महाआरती एवं भोग प्रसाद वितरण का कार्यक्रम भी किया जाता है। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त उपस्थित होते हैं। बैठक में भारी संख्या में समिति के सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस वर्ष अप्रैल में होने वाले हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम में समिति द्वारा 5100 भक्तों को बैठाकर भोजन प्रसाद वितरण किया जाएगा। इस दौरान मशहूर भजन गायिका शहनाज़ अख्तर का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

## उपयोग

### उद्यानों में टायर से बनी कुर्सी और स्क्रेप से बने फ्लावर बढ़ाएंगे शोभा



**बिलासपुर।** कुदूदंड स्थित नगर निगम पंप हाउस में निगम की गाड़ियों का मरम्मत कार्य किया जाता है। शहर में चल रही सैकड़ों गाड़ियों के टायर, चैन स्पॉकेट, लोहे का स्क्रेप सहित अन्य समान इन गाड़ियों से निकलते है। जिसका कोई भी उपयोग नहीं रहता।

**निगमकर्मी द्वारा कबाड़ सामानों का आकार देकर बना रहे नया**

इन बेकार पड़े समानों का नगर निगम इंजीनियर ने निगम कर्मी प्रदीप विश्वकर्मा को उपयोग करने तरकीब बताई। जिसके बाद प्रदीप ने यहां पर पड़े टायर, गेयर व लोहे के स्क्रेप से कुर्सी, कुंआ व फ्लावर का आकार दे रहे हैं। इन कबाड़ी समानों का विभिन्न आकार देकर कई समान बना रहे है और इसमें कई तरह के रंग कर कलरफुल बनाया जा रहा है। इन समानों को गार्डनों में रखा जाएगा, जहां यह आकर्षण का केन्द्र रहेगा। कबाड़ से जुगाड़ तो हम सुनते आए हैं, मगर इस कबाड़ से लोगों के लिए आकर्षित समान बनाना बहुत कम ही देखने को मिलता है। यही कार्य निगम द्वारा किया जा रहा है, जो लोगों के लिए कौतूहल का विषय बन गया है।



शहर में महाशिवरात्रि पर्व बुधवार 26 फरवरी को श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया जाएगा।लोग सुबह से मंदिर पहुंच कर महादेव भगवान की पूजा कर जलाभिषेक करेंगे। मंदिरों में भी विशेष पूजा, हवन कर दुग्धाभिषेक किया जाएगा। बैण्ड पार्टी वाले ध्वज चढ़ाने शिव मंदिर चांटीडीह जाएंगे। लोग बघवा मंदिर व मेला पारा में लगने वाले मेले में झूले, खाने-पीने का आनंद ले सकेंगे।

शिव मंदिरों में की गई तैयारियां, दिन भर चलेगा जलाभिषेक, भक्तों की उमड़ेगी भीड़, होगा भंडारा

# महाशिवरात्रि पर आज होगी भोले शंकर की पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि की शुरुआत 26 फरवरी को सुबह 11 बजकर 8 मिनट पर होगी। महाशिवरात्रि पर निशा काल में शिव-शक्ति की पूजा की जा सकेगी। अतः 26 फरवरी को महाशिवरात्रि मनाई जाएगी।

इस दिन साधक देवों के देव महादेव और मां पार्वती की पूजा कर सकते हैं। वहीं महाशिवरात्रि पर्व मनाने शहर में व्यापक तैयारियां की गई है। कई धार्मिक आयोजन भी शुरू हो गया है। कई जगह श्रीमद भागवत कथा हो रही है। बहतराई में 5 कुडीय रूद्र महायज्ञ चल रहा है। ब्रम्हकुमारी सेंटरों द्वारा 12 ज्योर्तिलिंगों की प्रदर्शनी लगाई गई है। भक्तजन भोलेशंकर की बारात भी निकालेंगे। शिव मंदिर जोरापारा, नंदीश्वर मंदिर सरकंडा, अयप्पा मंदिर भारतीय नगर, श्रीराम मंदिर तिलक नगर, घोंघाबाबा मंदिर, काली मंदिर तिफरा सहित सभी देवालयों में महाशिवरात्रि की व्यापक तैयारियां की गई है। मंदिरों को विद्युत झालरों से सजाया गया है। झूलेलाल मंदिर में निःशुल्क सामूहिक विवाह संत सांई लाल दास के नेतृत्व में होगा।

मोपका में बंगाल समाज द्वारा महाशिवरात्रि पर खास आयोजन किया जा रहा है। भंडारा कर प्रसाद का भी वितरण किया जाएगा।

### होगा भगवान का श्रृंगार



श्रीराम मंदिर तिलक नगर में सुबह 4 बजे से भगवान का श्रृंगार किया जाएगा। फिर पूजा कर आरती की जाएगी। पूरे दिन ऊं नमः शिवाय का जप किया जाएगा। पूजा में भाग लेने वालों के लिए मंदिर समिति द्वारा पुख्ता व्यवस्था की गई है।





### अभिषेक कर करेंगे हवन

सार्वजनिक शिव मंदिर जोरापारा में सुबह महादेव भगवान का पूजा, अभिषेक कर हवन किया जाएगा। इसमें सैकड़ों श्रद्धालु भक्त आहूतियां देंगे। इसके बाद भोग प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

### महाकाल मैदान में होगा भंडारा

महाकाल सेना द्वारा महाशिवरात्रि पर तीन दिवसीय आयोजन किया गया है। पहले दिन मंगलवार को सीएमडी कॉलेज मैदान में जगराता किया गया। इसमें गायक कलाकार नितिन बागवान उज्जैन एवं गौरी अग्रवाल ने भगवान शिव पर आधारित भजनों की प्रस्तुति देकर माहौल को शिवमय बना दिया। बुधवार 26 फरवरी को रेल्वे स्थित महाकाल मैदान में महाप्रसाद का आयोजन किया जाएगा। गुरुवार 28 फरवरी को दोपहर 2 बजे भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी जो कि शहर भ्रमण कर अष्ट मुखी शिव पंचायती मंदिर पहुंच कर समाप्त होगी।



### झांकियों के साथ निकाली जाएगी बारात

अष्टमुखी शिव पंचायती मंदिर में शाम 4 बजे से आकर्षक झांकियों के साथ भगवान शिव की बारात निकाली जाएगी। इसमें शिव भक्त नाचते गाते हुए भाग लेंगे। इसके पहले सुबह 4 बजे से भगवान का रूद्राभिषेक होगा।

### श्री पीतांबरा पीठ मंदिर में रुद्राक्ष वितरण आज

सुभाष चौक सरकंडा स्थित श्री पीतांबरा पीठ त्रिदेव मंदिर में महाशिवरात्रि महोत्सव धूमधाम के साथ श्रद्धापूर्वक मनाया जाएगा इस अवसर पर प्रातः 5 से महा रुद्राभिषेक प्रारंभ होगा जो कि दूसरे दिन प्रात 5 बजे तक निरंतर चलता रहेगा। इसी कड़ी में रात्रि कालीन चार पहर रुद्राभिषेक पूजन किया जाएगा जो क्योंकि विभिन्न पदार्थों से किया जाएगा जैसे जल, दूध, दही,घी , गन्ने का रस, गंगाजल आदि। पूजन के पश्चात महाआरती की जाएगी। महारुद्राभिषेक पूजन प्रयागराज से पधारे विद्वानों के द्वारा किया जाएगा। तत्पश्चात गुरुवार को प्रात 9 से दोपहर 2 तक महाशिवरात्रि पर भोलेनाथ को अर्पित अभिमंत्रित रुद्राक्ष का निःशुल्क वितरण किया जाएगा।

पीतांबरा पीठाधीश्वर आचार्य डॉ. दिनेश महाराज ने बताया कि ब्रह्मवैवर्त पुराण में बताया गया है कि पारद शिवलिंग की पूजा करने से मनुष्य को जीवन पर्यंत सभी सुख जैसे धन संपत्ति, समृद्धि, सफलता, सम्मान, संतान, सद्बुद्धि आदि प्राप्त होते हैं। साथ ही अंत में मोक्ष की प्राप्ति होती है।

### निकाली जाएगी नशा मुक्ति रैली

महाशिवरात्रि के अवसर पर शिव अनुराग भवन राजकिशोर नगर में भक्तजन 26 फरवरी से 2 मार्च तक अनूठे सहस्त्र ज्योतिर्लिंग का दर्शन कर सकेंगे। दर्शन का समय प्रतिदिन प्रातः 7 से 12 एवं सायं 5 से रात्रि 8 बजे तक रहेगा। प्रातः 7 से 9 बजे ध्वजारोहण कार्यक्रम होगा। तनाव मुक्त खुशहाल जीवन के लिए 1 से 7 मार्च राजयोग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर का समय प्रतिदिन प्रातः 8 से 9 और सायं 7 से 8 बजे निर्धारित किया गया है। अंत में रजनेश सिंह द्वारा चलाये जा रहे नशामुक्ति अभियान के तहत ब्रह्माकुमारीज द्वारा जन जागरण रैली निकाली जाएगी। मंजू दीदी ने कहा कि भारत की पावन भूमि में परमात्मा का अवतरण हो चुका है। परमात्मा शिव भारत को स्वर्ग बनाने आए है। उनके अवतरण का यादगार शिव जयंती है।



### बर्फ शिवलिंग का होगा दर्शन

महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर बस स्टैण्ड स्थित हनुमान मंदिर में राम रसोई द्वारा बर्फ से निर्मित शिवलिंग का दर्शन श्रध्दालु कर पाएंगे। राजीव अग्रवाल ने बताया की भोले भंडारी के बर्फ की शिवलिंग महाशिवरात्रि पर पूजन कर प्रसाद वितरण किया जाएगा। इन्होंने बताया की दिनभर भक्तजन इसका दर्शन कर पाएंगे।

# जीवन में भक्ति चाहिए तो करें गोपी गीत का पाठ

**कार्नर न्यूज**

**बिलासपुर।** सागा ले आउट कालोनी शुभम विहार में संगीतमयी श्रीमद भागवत कथा आयोजित की गई है। इसमें कथा वाचक वैदिक पं. राजेश्वर दुबे ने कथा के छठवें दिन रास प्रशंग एवं रूखमणि विवाह की कथा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जीवन में भक्ति चाहिए तो गोपी गीत का पाठ व अनुष्ठान करें।

कथा वाचक ने रास प्रशंग की कथा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि भगवान श्रीकृष्ण के चले जाने से गोपियां भगवान को निरंतर याद करने लगी। ढ़ूढ़ते-ढ़ूढ़ते जा रही थी कि पृथ्वी माता से ठाकुरजी को पूछी। फिर गोपियां एकत्रित होकर19 श्लोकों में गीत गाया। जीवन में भक्ति चाहिए तो गोपी गीत का पाठ व अनुष्ठान करें। गीत गोपियों की पुकार है। गोपियां भगवान पर ब्रजवासियों की अधिकार की बात सोचते हुए कहने लगी कि उन्हें अपने वियोग में छोड़कर जाना था तो हमें अग्नि से क्यों बचाए। इनके इस करूण पुकार सुन कर भगवान को लगा कि गोपियों का अंतःकरण शुद्ध हो गया है और वे गोपियों के बीच प्रकट होकर रास किए। कथा वाचक ने रूक्मणि विवाह पर भी



प्रकाश डाला। बुधवार 26 फरवरी को सुदामा प्रशंग, परीक्षित मोक्ष पर कथा व चढ़ोतरी होगी। कथा को सफल बनाने में मनोहर लाल मिश्रा, रश्मिलता मिश्रा, संजना मिश्रा सहित पूरे मिश्रा व बाजपेई परिवार का सहयोग मिल रहा है। वहीं कथा श्रवण करने सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे।



### गीतों से माहौल बना आध्यात्ममय

कथा के बीच-बीच में भक्तिमय गीत-हे राधा रानी, हे श्यामा प्यारी..., राधा नाचे कृष्ण नाचे, नाचे गोपी चंद..की प्रस्तुति से पूरा माहौल आध्यात्ममय बन गया था। इन गीतों की धुन के बीच महिलाओं ने जमकर ठुमके लगाए।

## महाशिवरात्रि आज : दूर-दूर से आए हजारों कांवड़िए करेंगे भगवान शिव का जलाभिषेक

# पातालेश्वर महादेव का दर्शन करने पहुंचेंगे 20 हजार से अधिक भक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ मल्हार

महाशिवरात्रि पर्व पर बुधवार को धर्मनगरी मल्हार के स्वयंभू भगवान पातालेश्वर महादेव का हजारों भक्त जलाभिषेक करेंगे। इसी के साथ परंपरागत 15 दिवसीय मेले का भी शुभारंभ हो जाएगा। इस वर्ष यहां 20 हजार से ज्यादा शिवभक्तों के आगमन की उम्मीद है। बोल बम, हर-हर महादेव के जयकारे के साथ कांवड़ियों के जत्थे भी विभिन्न पवित्र नदियों व सरोवरों से जल लाकर भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे। भारी भीड़ को देखते हुए एसपी के आदेश पर पुलिस के जवानों की ड्यूटी लगाई गई है, जिसमें महिला पुलिसकर्मी भी शामिल हैं। वहीं व्यवस्था बनाने स्थानीय लोगों से भी सहयोग लिया जाएगा। हर वर्ष की तरह इस बार भी मंगलवार की रात 12 बजे से मन्दिर के द्वार खुल जाएंगे, जिसके बाद भक्तों का आना प्रारंभ हो जाएगा। महाशिवरात्रि से पहले नगर पंचायत कार्यालय में जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों की बैठक हुई, जिसमें 15 दिवसीय मेले को शांतिपूर्ण संपन्न कराने कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। प्रमुख रूप से मेला परिसर की सफाई, पानी की व्यवस्था, लाइट व्यवस्था, पार्किंग, आवागमन सहित अन्य जरूरी बातों का ध्यान रखा गया। साथ ही बाहर से आने वाले व्यापारियों को जगह मुहैया कराने के साथ ही अवैध वसूली पर लगाम लगाने को लेकर चर्चा हुई। बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष सहित सभी पार्षदों ने सभी नगरवासियो के सहयोग पर जोर दिया।

- 15 दिवसीय मेले का भी होगा शुभारंभ





### सज गई दुकानें

15 दिवसीय मेले के लिए सैकड़ों दुकानें पहले से ही सज गई हैं, जिसमे सबसे ज्यादा मनिहारी की दुकानें हैं। इसके अलावा, कपड़ा, बर्तन, ज्वेलरी, खिलौने, फोटो, क्रॉकरी, जूते चप्पल, होटल सहित मेले का प्रसिद्ध व्यंजन उखरा व जलेबी की दुकानें बड़ी संख्या में लगी हैं। वहीं मनोरंजन के लिए झूला, ट्यूरिन टाकीज, ड्रेगन ट्रेन, ब्रेक डांस, टॉय ट्रेन भी लग रहे हैं जिसका लोग होली तक आनंद उठाएंगे।

### प्रकट हुए थे भगवान शिव

मल्हारवासियों को 90 वर्ष पूर्व सन 1935 को सुबह के समय पहली बार दर्शन का सौभाग्य मिला, जब टीले के उत्खनन के दौरान विलक्षण गौमुखी आकार के शिवलिंग व काले ग्रेनाइट पत्थर की जलहरी भग्नावशेष अवस्था के मंदिर में इसी जगह से मिली इतिहासकारों के अनुसार सोमवंशी राजाओं के बाद नगर में रतनपुर के कलचुरियों के काल में दसवीं से बारहवीं सदी तक प्रमुख रूप से शैव मतानुयायि थे और उनके द्वारा अनेक शिव मन्दिर बनवाए गए थे, इन्ही में से एक यह भी मन्दिर है। भगवान पातालेश्वर के प्रकट होने के बाद दर्शन के लिए जनसैलाब उमड़ पड़ा था। तब से लेकर हर वर्ष यहां महाशिवरात्रि के दिन से 15 दिवसीय मेले की शुरुआत होती है।

### शिवलिंग का हो रहा क्षरण

प्रसिद्ध पातालेश्वर महादेव के शिवलिंग में विगत कुछ वर्षों से विकृति आ गई है, जिससे पुराने स्वाभाविक शिवलिंग का दर्शन नहीं हो रहा है। इसके पीछे पुरातत्व के जानकारों तथा कुछ विद्वान पंडितों का कहना है कि शिवलिंग में अर्पित की जाने वाली कुछ पूजन सामग्रियों के कारण यह स्थिति बनी है। लोग श्रद्धा व टोटके आदि बताए जाने के कारण शिवलिंग में पत्थर को नुकसान होने वाले सामान चढ़ा रहे हैं।

## देव स्थलों मंदिरों में होगी पूजा आराधना



दगोरी। महाशिवरात्रि पर ग्राम के बाबा तालाब में 18वीं सदी में बलभद्र कुर्मी गौटिया द्वारा स्थापित विविध कलाकृतियों से युक्त भगवान शिव, नंदी, माता पार्वती, गणेश जी, हनुमान जी मूर्तियां स्थापित की गई थीं। वर्तमान में इसकी देखरेख एडवोकेट श्यामता प्रसाद सन्नाट, राजेंद्र, प्रहलाद कौशिक, शिवदयाल एवं राजेश द्वारा की जा रही है। इसी क्रम में जीर्णोद्वार कर इस स्थल को नया यहां रूप दियी गया है। महाशिवरात्रि के अवसर पर पं राजा चौबे द्वारा यहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर प्रसाद का वितरण किया जाएगा। गौरा चौक में जय महाकाल ग्रुप की ओर से पूजा कर प्रसाद वितरित किया जाएगा। साथ ही अमेरी अकबरी में बेल भावर में भी भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना होगी।

## जबलपुर से आई झांकी रहेगी आकर्षण का केंद्र



लोरमी। बुधवार को शिवालयों में श्रद्धालुओं के द्वारा धूमधाम से महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जाएगा। इसी क्रम में नगर के महाकाल सेना की ओर से महाकाल शोभायात्रा का आयोजन किया जा रहा है जिसका शुभारंभ शाम 4 बजे होगा। यात्रा मानस मंच स्थल से शुरू होगी जो नगर के मुख्य मार्ग, मुंगेली चौक, शिवमंदिर, राजाबाड़ा, ब्राम्हणपारा से होते हुए नगर के पवित्र देव स्थल शिवघाट पहुंचेगी। शोभायात्रा में जबलपुर के प्रसिद्ध झांकी ग्रुप की ओर से आर्कषक महाकाल दरबार की झांकियां प्रस्तुत की जाएंगी, जो आकर्षण का मुख्य केंद्र रहंगी। कार्यक्रम की समस्त तैयारियां महाकाल सेना ने पूरी कर ली है। नगर के मनियारी नदी स्थित शिवघाट में शिवरात्रि में वार्षिक मेले का आयोजन होता है। श्रद्धालु नर्मदा कुंड में आस्था की डुबकी लगाकर प्रसिद्ध शिवलिंग का पूजन करेंगे। मेला स्थल में खाने-पीने की दुकानें एवं मनोरंजन के लिए हवाई झूला की व्यवस्था है।

## ब्रह्माकुमारीज ने प्रभु अनुराग भवन में मनी महाशिवरात्रि



मस्तूरी। कोटमीसुनार के ब्रह्माकुमारी प्रभु अनुराग भवन में जब जब इस धरा पर अधर्म, अत्याचार और पापाचार बढ़ता तब-तब परमात्मा नव सृष्टि के सृजन का कार्य करने के लिए इस धरा पर आते हैं और गीता का वचन निभाते हैं। वर्तमान समय शास्त्रों में बताए गए कलयुग के लक्षण अनाज पैकेट में बिकेगा, दूध बोतलों में बिकेगा, कन्या अपने मुख से वर मांगेगी, केशों का श्रृंगार होगा, एक कुआं चार कुएं को पानी भर सकेगा परंतु चार कुएं मिलकर भी एक कुएं को पानी नहीं भरेंगे आदि लक्षणों की अति हो चुकी है। आज एक माता-पिता चार बच्चों की पालना कितनी प्यार से करते हैं लेकिन वही माता-पिता जब बुजुर्ग हो जाते हैं तो चार युवा बच्चे एक मां-बाप को पालने करने में असमर्थता व्यक्त करते हैं। इसी प्रकार सारे लक्षण अति में जा चुके हैं। उक्त बातें राजयोग शिक्षिका बीके शशिप्रभा ने कही। उन्होंने कहा कि ऐसे समय पर ही हम आत्माओं के परमपिता परमात्मा को याद करते हैं जिन्हें शिव कहा जाता है। इस कलयुग की अज्ञानता रूपी रात में ज्ञान के अवतरण का पर्व महाशिवरात्रि है। इस अवसर पर नवनिर्वाचित सरपंच रेखा सोनी एवं कोटमीसुनार सहित आसपास के गांवों से भारी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे। नियमित राजयोग का अभ्यास करने वाले बच्चे अनुराग, अंजलि, रेखा, लक्ष्मी, जया, शशि, सुरेखा ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशा मुक्त गांव बनाने का संदेश दिया। सभी सदस्यों नें दीपक जलाकर एवं केक काटकर महाशिवरात्रि पर्व को शिव जयंती के रूप में मनाया तथा शिव ध्वजारोहण कर सभी ने विकारों व बुराइयों को परमात्मा को अर्पित करने का संकल्प लिया। अंत में सभी को प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रमवासी उपस्थित रहे।

## खर्राघाट, टेमरी व संगवाकापा में लगेगा मेला



मुंगेली। महाशिवरात्रि पर्व पर ग्राम रामगढ़ स्थित खर्राघाट एवं ग्राम नवागांव टेमरी तथा संगवाकापा आगर मोहपाड़ के पास मेले का आयोजन किया जा रहा हैं। मेले में आस-पास के व्यवसायी अपनी दुकान लगाने के लिए एक दो दिन पूर्व से ही तैयारियों में जुटे हुए हैं। क्षेत्र के शिवालय शंकर मंदिर मल्हापारा, शंकर मंदिर खर्रीपारा, सोनारपारा आदि शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालुओ एवं दर्शनार्थियों की भीड़ रहेगी। शिव आराधना सेवा समिति द्वारा खर्राघाट मेला में विशाल भण्डारे का आयोजन किया जा रहा है। आगर नदी के किनारे खर्राघाट में महाशिवरात्रि पर शिवालय में शिव भक्तों द्वारा विशेष पूजा अर्चना की जाती हैं। ग्राम रामगढ़ स्थित खर्राघाट में नदी किनारे देवी देवताओं के दर्जनों मंदिर स्थापित हैं। प्राचीन शिवालय राधाकृष्ण मंदिर, पालक्षत्री समाज द्वारा निर्मित शिव मंदिर, सोनकर समाज द्वारा निर्मित संतोषी माता मंदिर, दुर्गा मंदिर, नागा संतों का अखाड़ा, दुर्गा एवं काली मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रहती हैं। मेले में दोपहर 2 बजे से देवी जगराता ग्रुप सारिसताल लोरमी की प्रस्तुति गायिका सुकृता धुरव एवं श्री सॉई म्यूजिकल ग्रुप का कार्यक्रम रखा गया है। ग्राम सेतगंगा में 9 वीं शताब्दी के प्राचीन श्रीरामजानकी मंदिर में स्थापित कुण्ड में भी महाशिवरात्रि के अवसर पर आसपास के श्रद्धालु पहुंचकर स्नान कर पूजा अर्चना कर मन्नत मांगते हैं।

## करिया मंदिर भरनी में लगेगी भक्तो की भीड़

सकरी। महाशिवरात्रि पर भरनी स्थित विख्यात कालेश्वर महादेव करिया मंदिर में दर्शन करने श्रद्धालुओं की भीड़ जुटेगी। यहां हजारों शिव भक्त अपनी मनोरथ पूर्ति के लिए दूर-दूर से रात्रि बारह बजे से ही शिवालय पहुंचने लगते है एवं दूध दही गंगाजल से अभिषेक कर शिव की भक्ति में रम जाते है। क्षेत्र के शिव भक्त अपने गांव से ही जल लेकर पदयात्रा करते हुवे मंदिर में जा कर जलाभिषेक करते है।भक्तों के लिए इस दिन महादेव की सेवकों द्वारा प्रसाद भंडारा भांग की भी व्यवस्था रखी गई है मंदिर का रंग रोगन कर आकर्षक लाइटिंग एवं फूलों से विशेष श्रृंगार किया गया है।उल्लेखनीय हो कि करिया मंदिर में स्थापित शिव लिंग और मंदिर प्राचीन और ऐतिहासिक मंदिर है जो की पूरे बिलासपुर जिले में ख्यातिलब्ध है। पंडित उत्तम अवस्थी ने बताया कि कोई भी व्यक्ति सच्चे मन से करिया महादेव की आराधना करते है उनकी मनोकामना पूर्ण होती है यहां तक नव युवक युवतियों को मनचाहा जोड़ी को प्राप्ति हो जाती है संतान की इच्छा चाहने वाले दंपत्ति को संतान की प्राप्ति भी होती है।महाशिवरात्रि के दिन यहां भव्य मेला का भी आयोजन किया जाता है। व्यवस्था बनाने में पंडित उत्तम अवस्थी, भुवनेश दुबे पंडा महाराज ,रामचंद्र पाठक, रघुवीर यादव ,अजय यादव, अरुणाभ अवस्थी ,किरण वस्त्रकर ,विजय अवस्थी ,इंद्रपाल यादव ,लालू कौशिक ,गुड्डू कौशिक सहित शिवसेवक जुटे हुए हैं!



## मदकू द्वीप में कलशयात्रा के साथ शिव आराधना महोत्सव प्रारंभ



सरगांव। माण्डूक्य ऋषि की तपस्थली श्री हरिहर क्षेत्र केदार द्वीप मदकू में प्रतिवर्षानुसार महाशिवरात्रि पर त्रिदिवसीय शिव आराधना महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ कलशयात्रा के साथ हुआ। प्रातः महामाया मंदिर मदकू एवं परसवानी से बाजे गाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें 25 गांवों की बालिका एवं महिलाएं सम्मिलित हुई। कलशयात्रा के साथ चल रहे करमा नृत्य दल विशेष आकर्षण का केंद्र था। कलशयात्रा के यज्ञमण्डप में प्रवेश के साथ यज्ञारंभ हुआ। तीन आवृत्ति रूद्राभिषेक पश्चात हवन हुआ। आयोजन में आने वाले बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भण्डारे में प्रसाद ग्रहण किया। उक्त आयोजन में आसपास के ग्रामों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु हिस्सा ले रहे हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु आयोजन समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य जुटे हुए हैं। त्रिदिवसीय शिव आराधना महोत्सव के द्वितीय दिवस महाशिवरात्रि को रूद्राभिषेक, हवन एवं रात्रि में अहोरात्र- रूद्राभिषेक किया जाएगा।

## प्रशासन करेगा कौड़िया मेले का संचालन



सीपत। महाशिवरात्रि के पर्व पर समीप के ग्राम कौड़िया में शैलेश्वर महादेव मंदिर में भक्तों की भीड़ उमड़ेगी। मस्तूरी सीईओ जेआर भगत ने बताया कि चूंकि पुराने सरपंच का कार्यकाल समाप्त हो चुका है और नए सरपंच का कार्यकाल अभी कुछ दिन बाद शपथ ग्रहण के बाद प्रारंभ होगा। यहां हर बार महाशिवरात्रि के दिन से मेले का आयोजन होता है। इस बार संचालन में पेंच फंसा हुआ है, इसलिए इस बार कौड़िया मेले के संचालन के लिए छह सदस्यीय टीम गठित की गई है जिनके दिशा निर्देश व देखरेख में मेले का संचालन होगा। जनपद से करारोपण अधिकारी रामकुमार सोनी को नोडल बनाया गया है और उनके साथ पांच सचिवों की टीम मिलकर मेले को संचालित करेंगे। ग्राम के पूर्व सरपंच प्रतिनिधि धर्मेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि विगत 403 साल पूर्व गौटियाना शासन से लग रहे पांच दिवसीय कौड़िया मेले का आज से आगाज होगा। बता दें कि भूगर्भ से निकले दिव्य शिवलिंग शैलेश्वर महादेव को जो श्रद्धालु छूकर पत्थर का एहसास करता है उसे पत्थर व जो लकड़ी का एहसास करता है उसे लकड़ी अनुभव होगा। संतान प्राप्ति की मन्नत को लेकर लोग यहां पहुंचते है। मेले में मनोरंजन के लिए झूला टाकीज सर्कस मीना बाजार सहित कई प्रकार की दुकाने पहुंचेगी। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन की चाक चौबंद व्यवस्था रहेगी।

## कलेक्टर ने दिए वार्षिक कार्ययोजना बनाने के निर्देश

**मुंगेली।** कलेक्टर राहुल देव के निर्देशानुसार डिप्टी कलेक्टर अजय शतरंज ने जिला कौशल विकास प्राधिकरण अंतर्गत वार्षिक कार्ययोजना बनाने के संबंध में जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में बैठक ली। उन्होंने पंजीकृत संस्था एवं आईटीआई मुंगेली, पथरिया और लोरमी को 3 दिवस के भीतर वार्षिक कार्ययोजना तैयार करने हेतु निर्देशित किया। साथ ही तीनों आईटीआई को शीघ्र वीटीपी पंजीयन किए जाने हेतु निर्देशित किया।

## विविध कार्यक्रमों व बैठकों में शामिल हुए केन्द्रीय मंत्री साहू



**बिलासपुर।** केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू से त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने संसदीय कार्यालय में भेंट मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने जनप्रतिनिधियों को उनकी जीत पर बधाई दी और ग्रामीण विकास में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।

श्री साहू ने पंचायतों को सशक्त बनाने और स्थानीय स्तर पर विकास कार्यों को गति देने के लिए केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की योजनाओं और नीतियों को क्रियान्वयन के लिए प्रेरित किये । जिसमें प्रमुख रूप से जिला पंचायत चुनाव में क्षेत्र क्रमांक 6, जूनापारा, बिलासपुर विधानसभा (तखतपुर) से नवनिर्वाचित श्रीमती ललिता संतोष कश्यप जी ने आज केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री श्री तोखन साहू जी से सौजन्य मुलाकात की। इसके कोटा विधानसभा के सैकड़ों जनप्रतिनिधियों ने मुलाकात किये जिससे कोटा विधानसभा के सतरह जनपद सदस्यो ने मुलाकात किया जिसमें कांती बलराम मरावी, परमेश्वर खुशरो, मनोहर सिंह राज, रघुवीर सिंह आर्मो, उर्मिला प्रधान, कलावती धुर्व, नेहा सचिन साहू, दुर्गा हरिशंकर यादव, अरविंद जायसवाल, सफीला पैंकरा,उषा राजेश कश्यप, नम्रता कोले, राजेश्वरी कोमल पात्रे, रश्मि घनश्याम दीक्षित, सुरज साधेंलाल भारद्वाज इस अवसर पर पार्टी के जिला अध्यक्ष मोहित जायसवाल, अरूण सिंग चौहान, राम लाल साहू, महराज सिंह नायक ,तिरिथ यादव,राजु सिंह राजपूत, रामेश्वर सिंह राजपूत, भोजेश रजक,सुलेश पाण्डेय , रोहणी बैसवाड़े, मनमोहन पाण्डेय, विनोद बंजारे सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## महाशिवरात्रि पर आज निकलेगी शिव की बारात

सीपत। महाशिवरात्रि पर्व पर बुधवार की दोपहर 3 बजे बजरंग मंदिर से धुमाल व मनोरम जीवंत झांकियों के साथ शिव पार्वती की बारात निकलेगी। जिसकी तैयारी युवावों ने पूरी कर ली है। बारात सिध्देश्वरी मंदिर से प्रारंभ होकर गौटियाबाड़ा , बजरंग चौक , गुप्ता मोहल्ला मातेश्वरी मंदिर से होते हुए बसस्टैंड नर्मदेश्वर महादेव मंदिर के बाद श्रीपतेश्वर महादेव मंदिर चमेटा प्रांगण पहुंचेगी। समापन पर शिव की महाआरती सम्पन्न होगा। इससे पूर्व सुबह श्रीपतेश्वर महादेव मंदिर हर हर महादेव की गूंज शुरू हो जाएगी। पर्व को लेकर मंदिर को साफ सफाई पुताई कर आकर्षक लाइटों से सुसज्जित किया गया है। सुबह से मंदिर में प्रसाद भंडारे का भी आयोजन किया गया है। जिसमे समस्त ग्रामवासियों का विशेष सहयोग रहेगा।



## ज्वेलरी शॉप का ताला तोड़कर चोरी

**तखतपुर।** जानकारी के अनुसार तखतपुर निवासी राजेश सोनी की अमन ज्वेलर्स के नाम से दुकान संचालित है 23 फरवरी को वह रात्रि 9 बजे दुकान बंद करके घर चला गया और जब 24 फरवरी को सुबह दुकान खोलने गया तो पता चला कि ताला को तोड़कर अज्ञात चोर ने दुकान में दो ग्राम सोने का टुकड़ा एवं चार हजार रूपए नगदी चोरी कर लिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 305, 331,4 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

## भूविस्थापितों की हड़ताल, कोयला परिवहन कार्य ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



एसईसीएल गेवरा खदान से प्रभावित ग्राम नरईबोध, भस्माखार के प्रभावित भूविस्थापितों ने विस्थापन व खदानों में हो रहे हैवी ब्लॉस्टिंग सहित अन्य मांगों को लेकर मोर्चा खोल दिया। भूविस्थापित खदान के भीतर दाखिल हुए और कोयला परिवहन में लगे वाहनों को रोकने के साथ कामकाज बाधित कर दिया। जिसकी वजह से खदान में कोयला परिवहन ओबी बर्डन कार्य ठप पड़ गया। आखिरकार प्रबंधन हरकत में आया और ग्रामीणों को वार्ता के लिए बुलाया। बैठक में प्रबंधन ने 6 से 7 दिनों के भीतर मांगों पर साकारात्मक परिणाम का आश्वासन दिया, जिसके बाद ग्रामीणों ने अपना आंदोलन समाप्त कर दिया। उल्लेखनीय है कि एसईसीएल गेवरा खदान से प्रभावित ग्राम नरईबोध व भस्माखार के प्रभावित भूविस्थापितों ने समस्याओं के निराकरण नहीं होने पर 25 फरवरी से 30 मार्च तक गेवरा खदान में कामबंद आंदोलन की चेतावनी दी थी। इसे लेकर ग्रामीणों ने मुख्य महाप्रबंधक, एसईसीएल गेवरा क्षेत्र को ज्ञापन सौंपा था। ग्रामीणों का कहना है कि विस्थापन प्रभावित ग्राम नरईबोध, भस्माखार व अन्य ग्रामों की समस्याओं के संबंध में गेवरा परियोजना के द्वारा आज तक किसी भी प्रकार की सुविधा अथवा मांग पर कोई भी सकारात्मक पहल नहीं की गई है। जबकि पूर्व में की गई हडताल के उपरांत 15 दिन के अंदर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया गया था।

## निधन

### छेदीलाल कोरी



**बेलतरा।** ग्राम रमतला (सेंदरी) निवासी छेदीलाल कोरी (खैरहा) उम्र लगभग 100 वर्ष का मंगलवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार इनके गृहग्राम के मुक्तिधाम में संपन्न हुआ। वे संतोष कोरी, राजकुमार कोरी के पिता एवं रामचन्द्र कोरी के दादा थे।

### सोम वर्मा



**मुंगेली।** कांग्रेस नेता एवं पूर्व पार्षद सोम वर्मा का मंगलवार की शाम 4 बजे हृदयाघात से निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 26 फरवरी को सुबह 10 बजे मारवाड़ी मुक्तिधाम खर्राघाट में किया जाएगा। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। वे विजय वर्मा व संजय वर्मा के छोटे भाई थे।

### कल्पना जॉन



**बिलासपुर।** डबरीपारा सीपत रोड निवासी कल्पना जॉन का 24 फरवरी को निधन हो गया। वे 49 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार 26 फरवरी को जरहाभाठा सिंधी कालोनी स्थित प्रभु की वाटिका में सुबह 11 बजे किया जाएगा। वे जॉन पीटर की पत्नी एवं शुभम जॉन की मां थीं।

## पावर हाउस रोड पर दिनदहाड़े 90 हजार की लूट, जुर्म दर्ज

**कोरबा।** कोतवाली थाना अंतर्गत पावर हाउस रोड में दोपहर 2 बजे लगभग लूट की घटना होने से हड़कंप मच गया। इस मामले के अनुसार मानिकपुर चौकी के गायत्री नगर निवासी अर्पित केरकेट्टा 58 वर्ष अपने वाहन में सवार होकर दोपहर 3 बजे बैंक ऑफ़ बड़ोदा गया हुआ था। जहां जमीन खरीदने के लिए उसने अपने खाते से 90 हजार रुपए आहरण किया था। जिसके उपरांत वह रकम लेकर वाहन में सवार होकर पावर हाउस रोड गया हुआ था। जहां उसने पावर हाउस रोड में कपड़ा खरीदने के लिए गया। कपड़ा पसंद नहीं आने पर रकम से भरे थैले को लेकर वह वाहन के पास जा रहा था कि इसी दौरान बाइक सवार दो युवक झपट्टा मारते हुए 90 हजार रुपए रकम से भरे थैले को लेकर फरार हो गए। कुछ देर तो पीड़ित व्यक्ति को कुछ समझ में नहीं आया, इसके बाद उसने चीख पुकार मचाई तो लोगों ने लुटेरों की खोजबीन शुरू की और इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही नगर कोतवाल मौके पर पहुंचे और जिले भर में घेराबंदी कराई, लेकिन लुटेरे मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मामले में अज्ञात लुटेरों के खिलाफ अपराध पंजीकृत कर लिया है। लुटेरे श्री केरकेट्टा का रेकी कर रहे थे और मौका मिलते ही बीच बाजार लूट की वारदात को अंजाम देने के बाद फरार हो गए।

FORM No. 14
(Notice of Hearing)
**IN THE INDUSTRIAL COURT, CHHATTISGARH, BENCH BILASPUR**
Civil Misc. Case Number:- 02/ P. W.Act/III/2024
No. -------- of 200
In the matter of - अपील अंतर्गत धारा-17 (1) मजदूरी संदाय अधिनियम के तहत।
प्रोजेक्ट मैनेजर, स्पैरो सॉफ्टेक प्रा. लि.
विरूद्ध
कुमारी प्रेरणा अग्रवाल
**NOTICE**
WHEREAS the above matter has been admitted to the file. PLEASE TAKE NOTICE that the said matter will be taken up for hearing at -11.00 AM-or at such time immediately thereafter according to the convenience of the Court on 28.04.2025 in Industrial Court Bench Bilaspur (C.G.) you are hereby required to appear in person or through any other person or by a duly authorized counsel, advocate, attorney, pleader or a representative or by an officer of a representative union, qualified union, primary union or approved union or the Government Labour Officer of the local area concerned, as the case may be, at the aforesaid time and place and to continue to remain to present until the said matter has been finally disposed of and to produce before the said Court on those days all books, documents, etc, which may be in your prosession or under your control and in any way relating to the maters in dispute and witnesses, if any.
क्रमांक:- 58 दिनांक 14/02/2025
प्रति,
कुमारी प्रेरणा अग्रवाल आत्मज अशोक अग्रवाल निवासी-राजकिशोर नगर, तुलसी आवास बिलासपुर (छ.ग.) हाल मुकाम द्वारा श्री अंशु अवस्थी सरजू बगीचा, मसानगंज जिला-बिलासपुर (छ.ग.)
By Ofer of the Member Judge
Joint Registrar
Industrial Court
Chhattisgarh, Bench Bilaspur (C.G.)

### आम सूचना

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मौजा तिफरा, प.ह.नं.- 40 रा.नि.मं. सिरगिट्टी, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) मे स्थित भूमि खसरा नंबर परिवर्तित 198/72 रकबा 0.0167 हे./ क्षेत्रफल- 1800 वर्गफीट की भूमि को मनोज कुमार राय पिता श्री उमाशंकर राय के द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र के माध्यम से विक्रेता विपिन कुमार राजपाल पिता श्री बहादुर सिंह राजपाल, निवासी- बिल्हा, जिला बिलासपुर (छ.ग.) वाले से दिनांक- 23/07/2005 से क्रय नामांतरण कराकर काबिज चले आ रहे थे। जिसकी मूल रजिस्ट्री प्रपत्र की प्रति गुम गया है। इस संबंध मे जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था/ निकाय/ बैंक को किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति है तो इस आम सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर मय दस्तावेज सहित स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से अपना आपत्ति नीचे दिये गये पते पर आवश्यक रूप से अपना आपत्ति दर्ज करायें, नियत समयावधि पश्चात किये जाने वाले आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। सो सूचना जाने।
दिनांक 25/2/2025
बिलासपुर (छ.ग.)
भवदीय
शुभम राय
पिता स्व. मनोज कुमार राय
पता- ईदगाह चौक बिलासपुर
तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)
मो.नं.- 9827156022

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल सकरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर
**सीमांकन सूचना**

प्रति,
1. नटराज मुदलियार 2. आर. वर्मा 3. कबिर चड्डा 4. ममता साहू 5. कमल कौशिक 6. एकता शर्मा
विषय: सीमांकन/ स्थल जाँच में उपस्थित रहने बावत।
संदर्भ: न्यायालय तहसीलदार/ अति. तह./ ना. तह. के ज्ञापन दिनांक 30.12.2024
संदर्भित विषयांतर्गत ज्ञापन के पालन में ग्राम अमेरी प.ह.नं. 43 रा.नि.मं. सकरी तह. सकरी जिला बिलासपुर के अंतर्गत खसरा नं. 459/2, 459/3 रकबा 0.085, 0.085 हे. एकड़/ हेक्टेयर भूमि स्वामी नटराज मुदलियार पिता/ पति स्व. बी. पांडुरंग निवासी अमेरी के द्वारा सीमांकन/ स्थल जाँच का आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त भूमि का सीमांकन/ स्थल जाँच दिनांक 4.3.2025 को समय 11.00 बजे किया जावेगा।
अतः आप सभी भूमि संबंधी समस्त दस्तावेज बैनामा पत्रक सहित नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होवें। अनुपस्थिति की दशा में आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। अतः सूचना जाने।
टीप: विशेष परिस्थिति में अपरिहार्य कारणों से सीमांकन/ स्थल जाँच की तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।
1. न्यायालय तहसीलदार/ अति.तह./ ना. तह. को सूचनार्थ। 2. हल्का पटवारी को सूचनार्थ। 3. नगर पालिक निगम बिलासपुर को सूचनार्थ।
राजस्व निरीक्षक, सकरी

### न्यायालय अधीक्षक भू-अभिलेख परिवर्तित भूमि क्षेत्र जिला बिलासपुर (छ.ग.)
**ईश्तहार**

110/अभिलेख अद्यतन/24-25
श्रीमती रूचि जैन बेवा स्व. विवेक जैन + 1 निवासी नेहरू नगर बिलासपुर (छ.ग.)... आवेदक/ आवेदिका विरूद्ध
1. आर.सी. बिल्डर्स बिलासपुर द्वारा उमेश चावला निवासी तेलीपारा रोड बिलासपुर 2. छ.ग. शासन... अनावेदक/ अनावेदिका
इस न्यायालय में आवेदक/ आवेदिका श्री/ श्रीमती रूचि जैन पति स्व. विवेक जैन निवासी नेहरू नगर ने मौजा कुदुदण्ड प.ह.नं. 21/33 तहसील व जिला बिलासपुर में स्थित भूमि खसरा नं. 400/45 शीट नं. 14/2 ब्लाक नं. ...प्लाट 126 से पर निर्मित आवासीय/ व्यवसायिक परिसर पारिजात किंगडम के प्रथम तल के प्रकोष्ठ क्रमांक 102 रकबा ..... क्षेत्रफल 1038 वर्गफुट अभिलेख अद्यतन हेतु आवेदिका के पति विवेक जैन के फौती के आधार पर आवेदन प्रस्तुत किया है।
जिस किसी व्यक्ति संस्था निकाय को कोई आपत्ति हो तो इस न्यायालय के समक्ष प्रकाशित होने के दिनांक 24.02.2025 से दिनांक 02.04.2025 तक कार्यालयीन दिवस एवं कार्यालयीन अवधि में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से समस्त दस्तावेज सहित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। सुनवाई के दिनांक के पश्चात प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही प्रारंभ की जावेगी। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति मान्य नही होगा।
इस न्यायालय की सील मुद्रा द्वारा जारी किया गया।
बिलासपुर, दिनांक ........
अधीक्षक भू-अभिलेख
परिवर्तित भूमि क्षेत्र, बिलासपुर (छ.ग.)

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार, बिलासपुर (छ.ग.)
**//ईश्तहार//**

क्रमांक//अति.तह./वा./2025
बिलासपुर, दिनांक 10/02/2025
ग्राम परसदा के सर्व साधारण/आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम परसदा प.ह.नं. 49 तहसील बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 506/1, 513/2, 506/2, 512/2, 3, 4, 5, 506/6, 506/3, 506/5, 513/1, 514, 519/2, 517/3, 512/1, 507/22, 511/3, 507/23, 511/4, 507/21, 511/2, 507/10, 511/1 518/2 कुल रकबा 5.297 हे. भूमि की राजस्व अभिलेख में पुनर्कमांकित किये जाने के लिए श्री मेसर्स श्री कृष्णा रियल स्टेट द्वारा भागीदार धीरज रोहरा पिता घनश्याम निवासी हंसा विहार बिलासपुर तहसील व जिला- बिलासपुर छ.ग. द्वारा आवेदन किया गया।
यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनॉक 27/02/25 को सुबह 11.00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेगे।
आज दिनॉक 10/02/2025 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।
अतिरिक्त तहसीलदार
बिलासपुर (छ.ग.)

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
- एलर्जी जॉच एवं इम्यूनोथेरेपी
- गले की लेजर सर्जरी
- खर्राटो का ईलाज
Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
- दांतों में ज्वेलरी लगाना
- बच्चों के दूध के दांतों का इलाज एवं देखभाल


॥जय पातालेश्वर महादेव॥
॥हर हर महादेव॥
महाशिवरात्रि
के पावन अवसर पर
धार्मिक नगरी मल्हार में
पधारे सभी श्रद्धालुओं का
हार्दिक स्वागत... अभिनंदन
ॐ त्र्यबकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनं॥
उर्वारुकमिव बन्धनान् मृत्योर्मोक्षीय मामृतात्॥
श्रीमती धनेश्वरी कैंवर्त
अध्यक्ष-नगर पंचायत मल्हार
धनेश्वर कैंवर्त
अध्यक्ष प्रतिनिधि
कमलेश सिंह
पार्षद वार्ड नं. 05
राजकुमार वर्मा
सक्रिय भाजपा कार्यकर्ता
धर्मेन्द्र सिंह
सक्रिय भाजपा कार्यकर्ता
अरविन्द साहू
भाजयुमो
मिलूराम कैंवर्त
पार्षद वार्ड नं. 03
सुशील राजा चौबे
पार्षद वार्ड नं. 13
रमेश यादव
पार्षद वार्ड नं. 14
आशुतोष वर्मा
पार्षद वार्ड नं. 06
रामफल कांत
पार्षद वार्ड नं. 09
मनराखन कैंवर्त
पार्षद प्रतिनिधि वार्ड नं. 04
मिथुन यादव
पार्षद प्रतिनिधि वार्ड नं. 12
रंजन साहू
पार्षद प्रतिनिधि वार्ड नं. 15
प्रमोद थवाईत
पार्षद प्रतिनिधि वार्ड नं. 02
विनीत : समस्त नगरवासी नगर पंचायत मल्हार

## खबर संक्षेप

### सूने मकान से लाखों के जेवर व नकद चोरी

**बिलासपुर।** रिटायर्ड विभाग इंजीनियर के सूने मकान में चोरों ने धावा बोलकर पूरा मकान खंगाल डाला और आलमारी का लाकर तोड़कर लाखों के सोने के जेवर व नकद रकम चोरी कर लिया है। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, बहतराई सरोज विहार निवासी रिटायर्ड विद्युत मंडल इंजीनियर भगवान विश्वकर्मा की आंख का इलाज कराने के लिए उनकी पत्नी व बच्चों समेत घर में ताला लगाकर चेन्नई चले गए थे। सूने मकान का फायदा उठाते हुए चोरों ने मेन गेट का ताला तोड़कर पूरा मकान खंगाल डाला और आलमारी का लाकर तोड़कर सोने का मंगलसूत्र, लटकन, पायल, बिछिया, 100, 50 के नोटों की गड्डी व कालोनीवासियों के द्वारा मंदिर के लिए एकत्र किया गया 6 हजार रुपए नगद चोरी कर भाग गए। 25 फरवरी को वह चेन्नई से वापस लौटे तब चोरी की जानकारी हुई। सूचना पर पुलिस उनके घर का मुआयना कर श्री विश्वकर्मा के पत्नी आसा विश्वकर्मा की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। बहरहाल पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है।

### युवती से अनाचार, फरार आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** शादी का झांसा देकर युवती से अनाचार करने वाले फरार युवक को पुलिस ने बिहार से गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली टीआई विवेक पाण्डेय ने बताया कि बिहार मोतीहारी बंधना निवासी प्रदीप सिंह पिता हरेन्द्र सिंह 27 साल वर्ष 2024 में शहर में आकर किराए के मकान में रहकर निजी काम कर रहा था। इसी दौरान उसने क्षेत्र की रहने वाली एक युवती को प्रेमजाल में फंसा लिया। शादी करने का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने लगा। पीड़िता ने शादी करने का दबाव बनाई तो इनकर कर शहर छोड़कर भाग गया था। पुलिस अपराध कायम कर पतासाजी में जुटी हुई थी। तकनीकी साक्ष्य के माध्यम से पुलिस ने बिहार बंधना में दबिश देकर आरोपी प्रदीप सिंह को गिरफ्तार कर लिया है।

### उद्यमिता जागरूकता शिविर 27 व 28 को

**बिलासपुर।** बेरोजगारों को प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजनांतर्गत लाभान्वित करने के उद्देश्य से उद्यमिता जागरूकता शिविर आईटीआई बिल्हा में 27 फरवरी को और सीवीरमन विश्वविद्यालय कोटा में 28 फरवरी को लगाया जा रहा है। योजना के अंतर्गत 2024-25 में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र बिलासपुर को 47 प्रकरण का भौतिक लक्ष्य एवं वित्तीय लक्ष्य 132.54 लाख का प्राप्त हुआ था, जिसके विरुद्ध 83 प्रकरणों में बैंकों द्वारा मार्जिन मनी राशि 424.15 लाख का प्रकरण स्वीकृत किया गया है।

### फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम 27 से

**बिलासपुर।** भारत सरकार द्वारा वर्ष 2027 तक जिला को फाइलेरिया मुक्त रखने का लक्ष्य है। फाइलेरिया उन्मूलन गतिविधियों में से सामूहिक दवा सेवन भी प्रमुख गतिविधि है। सामूहिक दवा का सेवन जिले के सभी विकासखंडों एवं शहरी क्षेत्रों के लक्षित जनसंख्या 21 लाख 93 हजार 194 को दवा सेवन कराया जाएगा। जिसमें 2 साल से कम उम्र के बच्चे, गर्भवती महिलाएं एवं अति गंभीर रोग से ग्रसित व्यक्तियों को दवा का सेवन नहीं कराया जाना है। सीएमएचओ ने बताया कि एमडीए कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए जिले में कुल 4062 टीम का गठन किया गया है।

**ओपीडी की है सुविधा** | पर्ची के लिए बनाया गया है अलग काउंटर, रोजाना 500 से अधिक मरीज करा रहे पंजीयन

# आभा एप के जरिए मिल रही सहूलियत, अब घंटों लाइन में खड़े होने की जरूरत नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिम्स में रोजाना 1700 से अधिक मरीज पहुंच रहे हैं, ओपीडी में मरीजों की तादात देख सिम्स प्रबंधन ने आभा एप के जरिए पंजीयन करना शुरू किया है, जिसका असर देखने को मिल रहा है। रोजाना 500 से अधिक मरीज अपना पंजीयन एप के जरिए करा रहे हैं, जिससे उन्हें घंटों लाइन में लगने की जरूरत नहीं पड़ रही है। यह सुविधा मरीजों के लिए काफी सहुलियत साबित हो रही है।

आभा एप के जरिए रोजाना 5 सौ से अधिक मरीजों का पंजीयन किया जा रहा है, यह एप घर बैठे सिम्स में किसी भी वार्ड के कंसल्टिंग डाक्टर के लिए मरीजों का पंजीयन करती है। मोबाइल के जरिए किए जाने वाले इन बैसिक एप से मरीज अपना नाम, उम्र, पता और मोबाइल नंबर दर्ज कर लेता है, इसकी एक आईडी लेकर सिम्स के एमआरडी विभाग में लगे कांउटर तक पहुंचता है, जहां तत्काल ही उसे बताई गई बीमारियों के अनुसार ओपीडी की पर्ची थमा दी जाती है, इसके लिए महज 10 रूपए का शुल्क काउंटर में दिया जाना होता है। यह पिछले 5 माह से लगातार जारी है, पहले मरीजों को खासी दिक्कतों का सामना करना होता था, लेकिन सिम्स प्रबंधन ने मरीजों की सहायता के लिए कर्मचारियों को तैनात किया है, जिससे मरीज अस्पताल पहुंच कर भी लंबी लाइनों में नहीं लगता और तत्काल ही पंजीयन भी हो रहा है।



पर्ची कटवाने के लिए सिम्स में लगी लंबी लाइन।

### यह स्टेप करना होगा फालो

गूगल एप के सहारे आभा एप डाउनलोड करें। मरीज का मोबाइल नंबर से रजिस्टर कर लागिन करें। अपना प्रोफाइल शेयर करें, ओपीडी पंजीयन हेतु अस्पताल का क्यूआर कोड स्कैन करें। काउंटर में प्रोफाइल शेयर कर टोकन नंबर प्राप्त करें। काउंटर से ओपीडी पर्ची प्राप्त करें। सिम्स में आभा एप से मिलने वाले पर्ची के लिए अलग से काउंटर तैयार किया गया है, जहां घंटों खड़े रहने की जरूरत भी नहीं पड़ती है। क्यूआर के जरिए तुरंत पर्ची प्राप्त हो रही है।

### लंबी लाइन से मरीजों को मिल रही राहत

यह सुविधा सिम्स के लिए काफी सहुलियत भरा है। मरीजों की लंबी लंबी लाइन नहीं लग रही है और जल्द से जल्द पर्ची लेकर डाक्टर के पास पहुंच रहे हैं। इससे त्रुटि रहित पर्ची भी प्राप्त हो रही है और मरीजों का रिकार्ड भी रखा जा सकता है।

-डा. लखन सिंह, अधीक्षक सिम्स

बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने ध्यानकर्षण के जरिए मामले पर सवाल किया

# विधानसभा में उठा अरपा प्रदूषण मामला, गंदा पानी बिना ट्रीटमेंट नदी में छोड़ा जा रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अरपा नदी में प्रदूषण का मामला विधानसभा में एक बार फिर उठा। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष और बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने ध्यानकर्षण के जरिए मामले पर सवाल किए। श्री कौशिक ने कहा कि अरपा नदी बिलासपुर जिले की जीवनदायिनी नदी है और जिस तरह से नाले के गंदा पानी बिना ट्रीटमेंट के नदी में बह रहा है, वह खतरनाक है। श्री कौशिक ने कहा कि नदी क्षेत्र में तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं, जो शहर की प्रगति के लिए आवश्यक हैं, लेकिन इसके साथ ही, विभिन्न नालों का जल इसमें प्रवाहित होने से नदी का पानी प्रदूषित हो रहा है। यदि समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया गया, तो यह भविष्य में गंभीर संकट का कारण बन सकता है। जवाब में उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने अरपा नदी में प्रदूषण को नियंत्रण करने की घोषणा की और कहा कि समुचित कार्ययोजना से अरपा फिर से जीवनदायनी बने इसके लिए बड़ी परियोजना बनाएंगे।

ध्यानकर्षण में उठे इस मामले पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने जवाब में कहा कि बिलासपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा 9 नालों के दूषित जल उपचार हेतु 4 एसटीपी जिसमें कोनी में 6 एमएलडी, मंगला में 10-एमएलडी, मंगला में 6 एमएलडी और पचरी घाट में 1 एमएलडी सहित कुल 23 एमएलडी एसटीपी का निर्माण पूर्णता की ओर है। श्री कौशिक ने इस पर उपमुख्यंत्री अरुण साव का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि बिलासपुर की जीवनदायिनी अरपा नदी न केवल इस शहर की सांस्कृतिक पहचान है, बल्कि हजारों लोगों की दैनिक जरूरतों का आधार भी है। इसके जल का उपयोग आसपास के निवासियों द्वारा स्नान, घरेलू कार्यों और अन्य आवश्यकताओं के लिए किया जाता है। निश्चित ही इस सुव्यवस्थित कार्ययोजना से आने वाले समय पर अरपा नदी का जल संरक्षित रहेगा, सुरक्षित रहेगा और व्यवस्थित रहेगा। जिससे इसका जल स्वच्छ बना रहे और इसका उपयोग करने वाले लोगों को शुद्ध जल की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके।



शनिचरी रपटा स्थित नदी में कचरे का ढेर, यहां लगा रहता है मवेशियों का जमावड़ा।

### 70 नालों का गंदा पानी गिर रहा

फिलहाल देखा जाए तो शहर की लाइफलाइन अरपा नदी में 70 नालों का गंदा पानी गिर रहा है। इसे रोकने के लिए नगर निगम ने 285 करोड़ की योजना बनाई है। इसकी डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार कर ली गई है। इसे हाईकोर्ट में पेश भी कर दिया गया है। लेकिन, सबसे बड़ा सवाल नदी में गंदा पानी रोकने का है। एसटीपी का काम अधूरा है तो बैराज बनने के कारण नदी का पानी बहाव में नहीं है। इसे रोक दिया गया है। ज्ञात हो कि अरपा नदी में 12 महीने पानी रखने के लिए एक के बाद एक तीन बैराज बन चुके हैं, लेकिन गंदे पानी की सफाई की मूल समस्या बनी हुई है। शनिचरी रपटा के पास तो नदी का पानी इतना गंदा हो गया है कि आसपास बदबू फैल रहा है। यही नहीं कुछ घरों में गंदा पानी जाने की भी शिकायत मिली है। हालांकि निगम का दावा है कि मार्च 2025 तक सभी एसटीपी शुरू हो जाएंगे।

### तीन पंपिंग स्टेशन का काम भी अधूरा

ज्ञात हो कि नालों के गंदे पानी को साफ करने के लिए चार ट्रीटमेंट प्लांट बनाए जा रहे हैं। इनमें दो मंगला में और कोनी व चिल्हाटी में एक-एक प्लांट तैयार करना है। चिल्हाटी में 17 एमएलडी और दोमुहानी में 54 एमएलडी का ट्रीटमेंट प्लांट चालू हो गया है। हालांकि ये भी 100 प्रतिशत क्षमता में नहीं चल रहा है। इसके साथ ही नालियों के गंदे पानी को फिल्टर प्लांट तक ले जाने से पहले तीन पंपिंग स्टेशन बनाए जाएंगे। इसे चिंगराजपारा से राजकिशोर नगर और ज्वाली पुल के पास बनाया जा रहा है। नालों का गंदा पानी पहले यहां स्टोर होगा, फिर सीवरेज लाइन से कनेक्ट होकर ट्रीटमेंट प्लांट तक पहुंचाया जाएगा।

### 60% पानी को ही ट्रीटमेंट करने की क्षमता

ध्यान रहे कि अरपा नदी के संरक्षण व संवर्धन को लेकर दायर जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान निगम ने शपथ पत्र के साथ जवाब प्रस्तुत किया, जिसमें बताया कि उनके पास अभी पूरा सिस्टम बनाने की प्लानिंग है, उसमें केवल 60% पानी को ही ट्रीटमेंट कर साफ करने की क्षमता है। बाकी के 40 प्रतिशत पानी को बिना साफ किए नदी में छोड़ा जाएगा। हाईकोर्ट ने जब पूछा कि बाकी पानी की ट्रीटमेंट की क्या व्यवस्था है तो निगम की ओर से इसका कोई जवाब नहीं दिया गया।



केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू का स्वागत करते रेलवे जीएम तरुण प्रकाश।

## जीएम ने दी केन्द्रीय राज्यमंत्री को रेलवे की उपलब्धियों की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एसईसीआर जोन के महाप्रबंधक तरूण प्रकाश ने केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू से मुलाकात कर रेलवे में चल रहे अधोसंरचना और उपलब्धियों की जानकारी दी। मंगलवार को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के महाप्रबंधक तरूण प्रकाश ने केन्द्रीय राज्यमंत्री आवास एवं शहरी मंत्रालय तोखन साहू से उनके आवास पर सौजन्य मुलाकात की।

इस अवसर पर जीएम और केन्द्रीय राज्यमंत्री के बीच रेलवे से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों के संबंध में चर्चा की गई। यात्रियों की सुविधा हेतु विभिन्न स्टेशनों पर ट्रेनों के स्टापेज, अमृत भारत स्टेशन योजना की प्रगति, रेलवे स्टेशनों के आधुनिकीकरण एवं यात्रियों की सुविधाओं के विस्तार हेतु चल रही परियोजनाओं के स्थिति, रेलवे के बुनियादी ढांचे को और अधिक सक्षम बनाने हेतु जारी गतिशक्ति परियोजनाओं की प्रगति, बुधवारी बाजार, कटघोरा-डोंगरगढ़ रेल लाइन तथा बिलासपुर व उसलापुर स्टेशन पर किए जा रहे यात्री एवं रेल विकास कार्यो पर विचार विमर्श किया गया।

जोन के महाप्रबंधक तरूण प्रकाश ने केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू को रेलवे की विभिन्न योजनाओं एवं विकास कार्यों की जानकारी दी।

## स्टेशन में बेरियर हटने से मिली यात्रियों को राहत

**बिलासपुर।** जोनल रेलवे स्टेशन बिलासपुर को एयरपोर्ट की तरह बनाने के लिए किए जा रहे कार्यों को देखते हुए रेल प्रशासन ने आने-जाने वाले रास्ते पर बेरियर रखने के बाद उसे बंद कर दिया था। इसके कारण यात्रियों को काफी परेशानी हो रही थी।

रेल अफसरों के आदेश पर स्टेशन गेट के सामने बेरियर को हटाने के बाद यात्रियों को राहत दी गई है, जो अपने वाहन से गेट तक परिजन को छोड़ने के बाद वापस जा सकेंगे।अमृत भारत स्टेशन योजना में बिलासपुर स्टेशन को पुनर्विकसित करने का काम किया जा रहा है। इसके कारण यात्रियों को काफी परेशानी भी उठानी पड़ रही है। रेलवे ने पुनर्विकास कार्य के दौरान यात्रियों को असुविधा से बचाने सभी आवश्यक कदम उठाया है। यात्रियों के आने-जाने के लिए गेट नम्बर एक, दो और चार पूरी तरह से ओपन होने के साथ ही ड्राप एंड गो की सुविधा भी दी जा रही है। गेट नम्बर चार से प्रवेश व निकासी मार्ग को डायवर्ट कर आसान यू टर्न अथवा ड्राप एंड गो, आटो व ट्रैक्सी की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

## सीमेंट फैक्ट्री में कोयला सप्लाई करने पार्टनर से 68 लाख की ठगी, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सीमेंट फैक्ट्री में कोयला सप्लाई करने कंपनी में पैसा जमा करने का फर्जी मैसेज भेजकर पार्टनर से 67 लाख 92 हजार 335 रुपए की ठगी करने वाले ट्रांसपोर्टर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

सिविल लाइन टीआई एसआर साहू ने बताया, दो साल पूर्व बिल्हा पंजाबी मोहल्ला निवासी विपिन राजपाल पिता बहादुर राजपाल ने इमलीपारा निवासी इंद्रपाल दोमीर उर्फ लक्की पिता भूपेन्द्र सिंह 32 साल से जान पहचान है। दोनों ट्रांसपोर्टिंग का काम करते हैं। दोनों ने पार्टनरशिप में एसीसी सीमेंट फैक्ट्री में कोयला सप्लाई करने का टेंडर लिया था। इंद्रपाल पार्टनर विपिन से कंपनी में जमा करने के लिए पैसा लेता था। उसके बाद फर्जी बैंक का कंपनी में पैसा जमा होने की मैसेज बनाकर श्री राजपाल को भेज देता था। इस तरह से उसने दो साल में पार्टनर से 67 लाख 92 हजार 335 रुपए लेकर उन्हें कंपनी में जमा होने का फर्जी मैसेज भेजता रहा। श्री राजपाल कंपनी से आमदनी की पैसे मांग करता तो वह बाद एक साथ मिलने की बात कहकर गुमराह करते जा रहा था। संदेह होने पर उसने सीमेंट कंपनी में पतासाजी की तो जानकारी हुई इंद्रपाल कंपनी में पैसा जमा नहीं किया है।

वह फर्जी मैसेज बनाकर उन्हें भेज रहा है। श्री राजपाल ने घटना की शिकायत सिविल लाइन थाने में की। पुलिस ने श्री राजपाल की रिपोर्ट पर धारा 420, 465, 467, 468 के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी इंद्रपाल दोमीर को गिरफ्तार कर लिया है।

### 10 लाख की आनलाइन ठगी

रिटायर्ड एसईसीएल कर्मी से बीमा की बचत राशि दिलाने का झांसा देकर 10 लाख 23 हजार रुपए की आनलाइन ठगी कर लिया गया है। पुलिस अपराध दर्ज कर जांच में जुट गई है। सकरी टीआई रविन्द्र अनंत ने बताया, भरनी परसदा निवासी रिटायर्ड एसईसीएल कर्मी बृजनंदन सिंह ने 7 माह पूर्व बीमा की अवधि समाप्त होने पर अपनी जमा राशि निकाल ली थी। इसी दौरान उनके मोबाइल में अनजान नम्बर से फोन कर जानकारी दी कि उनकी बीमा में 57 लाख जमा है। उसे निकालने के लिए पैसा जमा करने की बात कही गई। 57 लाख रुपए पाने के लालच में बताए गए बैंक खाते में किस्तों में 10 लाख 23 हजार जमा कर दिया। जब श्री सिंह ने बीमा राशि की मांग की तो मोबाइलधारक उन्हें पैसा जमा करने की बात कहने लगा। उन्होंने यह बात अपने घरवालों को बताया। उसके बाद उन्हें आनलाइन ठगी के शिकार होने का जानकारी हुई।

## महुआ शराब बनाकर बेचने वाला कोचिया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

भारी मात्रा में महुआ शराब बनाकर बिक्री करने वाले कोचिया को पुलिस ने पकड़ लिया है। उसके पास से 155 लीटर शराब, गैस सिलेण्डर, चूल्हा, बर्तन जब्त किया गया है। मामला कोटा थाना क्षेत्र की है।

एसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर जिले में चेतना विरूद्ध नशा व प्रहार अभियान के तहत अवैध शराब बिक्री करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। 25 फरवरी को कोटा थाना प्रभारी प्रशिक्षु आईपीएस सुमित कुमार को सूचना



पुलिस हिरासत में महुआ शराब बेचने वाला आरोपी।

मिली, सुंदनपारा में एक कोचिया भारी मात्रा में कच्ची महुआ शराब बनाकर बिक्री कर रहा है। उन्होंने स्टाफ के साथ सुंदनपारा निवासी दुर्गेश मरावी पिता श्रीराम रामस्वरूप मरावी 34 साल के घर में दबिश दी। तलाशी लेने पर अलग अलग जेरीकेन में शराब, गैस सिलेण्डर, चूल्हा व शराब बनाने वाले बर्तन मिले। पुलिस ने उसके पास से 155 लीटर महुआ शराब बरामद किया है। पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत शराब व सामान जब्त कर कोचिया को गिरफ्तार कर लिया है। ज्ञात हो प्रशिक्षु आईपीएस कोटा थाना का चार्ज लेने के बाद लगातार अवैध शराब बेचने वालों पर सख्ती से कार्रवाई करने लगे हुए हैं। वहीं पुलिस की सख्ती के बाद भी कोचिया सक्रिय होकर अवैध रूप से कच्ची शराब बनाकर बिक्री कर रहे हैं।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

## कार में आग लगाने वाला युवक गिरफ्तार, एक फरार

**बिलासपुर।** तेलीपारा कश्यप कालोनी में उपद्रव मचाकर कार एक्टीवा, ठेला में आग लगाने व आटो में तोड़फोड़ करने वाले एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वहीं उसका दूसरा साथी पुलिस पकड़ से बाहर है।

23 फरवरी की रात तेलीपारा कश्यप कालोनी गली नम्बर 4 निवासी पवन देवदानी की कार क्रमांक सीजी 10 एएम, 9998, सुरेश देवांगन का चार चक्का ठेला, तेजस्विनी शुक्ला के एक्टिवा में आग लगा दी गई थी और विनय रजक के आटो में जमकर तोड़फोड़ की गई थी। दमकल के पानी से आग बुझाया गया था। आगजनी में दोनों वाहन व ठेला जलकर नष्ट हो गए थे। लोगों ने आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरा खंगाले तो दो युवक की उपद्रव मचाते हुए नजर आ रहे थे। लोगों ने फुटेज पुलिस को सौंप दिया था। कोतवाली टीआई विवेक पाण्डेय ने बताया, 25 फरवरी को फुटेज के आधार गाड़ी में आग व तोड़फोड़ करने वाले करबला निवासी साहिल खटिक पिता संतोष उर्फ बाबा खटिक को पकड़ लिया है। वहीं उसका साथ प्रेम प्रजापति पुलिस पकड़ से बाहर है। उसकी सरगर्मी से तलाश की जा रही है। पुलिस ने साहिल खटिक को गिरफ्तार कर लिया है।

स्वामी जी-93406-38884
ज्योतिर्लिंग
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री भेंट द्वारिका, सोमनाथ, नागेश्वर, ओमकालेश्वर, महाकालेश्वर, भीमाशंकर, घृष्नेश्वर, ममलेश्वर, रूखमणि मंदिर, गोपी तालाब, त्रयम्बकेश्वर, शिरडी सांई बाबा, शनि सिंघ्नापुर, नाशिक,
यात्रा दिनांक: 16 मार्च 2025, 09 अप्रैल 2025, 08 मई 2025, 04 जून 2025
11 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर- 18,501/-, 3AC-28,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
स्पेशल ट्रेन से - 18 मई से 25 मई 2025 (08 दिन)
By Train-रिजर्वेशन कोच
21 मार्च से 29 मार्च 2025,11 अप्रैल से 19 अप्रैल 2025, 09 मई से 17 मई 2025, 23 मई से 31 मई 2025, 06 जून से 14 जून 2025 (9 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), सीतामढ़ी, बनारस (काशी विश्वनाथ मंदिर)/अयोध्या (श्री राम जन्मभूमि)
राशि:-स्लीपर 9,500/-, 3 एसी 16,500/-, 2 एसी 22,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

## खबर संक्षेप



### श्रीमद् भागवत कथा एवं सम्मेलन में शामिल हुए साधु-संत

**गौरेला।** गौरेला नगर में सार्वजनिक श्रीमद् भागवत कथा, पांच कुंडीय महामृत्यंजय महायज्ञ, 18 पुराण का पारायण एवं विशाल संत सम्मेलन का आयोजन 19 से 26 फरवरी तक किया जा रहा है। गुरुवार 27 फरवरी को पूर्णाहुति और विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए आचार्य बालकृष्ण शुक्ला ने बताया पुरानी लंका चित्रकूट पीठाधीश्वर, श्रीमज्जगतगुरु रामानुजाचार्य, स्वामी श्री रोहिणीश्वर प्रपन्नाचार्य की उपस्थिति श्रीमद भागवत कथा का वाचन हो रहा है। इसी के साथ 5 कुंडीय सवा करोड़ श्री महामृत्युंजय महायज्ञ, 18 पुराण का सम्पूर्ण पारायण पाठ 35 योग्य विद्वान आचार्य-ब्राम्हणों द्वारा होना सुनिश्चित हुआ है। महाशिवरात्रि पर बुधवार को रात 8 बजे से सवा लाख पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं सामूहिक रुद्राभिषेक का भी आयोजन रहेगा।

### फरमानिया बने मानवाधिकार सहायता संस्थान व्यापारी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष



**पेंड्रा।** मानवाधिकार सहायता संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ रमेश कश्यप के आदेशानुसार पेंड्रा के व्यवसायी नरेश कुमार अग्रवाल फरमानिया को उनकी समाजसेवा निष्ठा, लगन और कर्मठता के लिए मानवाधिकार सहायता संस्थान के व्यापारी प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। मानवाधिकार सहायता संस्थान भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ रमेश कश्यप, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नारद श्रीवास औऱ राष्ट्रीय सचिव कुंतीदेवी कश्यप ने नरेश फरमानिया के उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए नियुक्ति पत्र जारी किया है। मानवाधिकार सहायता संस्थान भारत ने आशा जताई है कि वे संगठन तथा बुराइयों के खिलाफ संगठन की आवाज को हमेशा बुलंद करते रहेंगे और संगठन की मजबूती और जन कल्याणकारी योजनाओं की पूर्ति के लिए ईमानदारी, लगन और निष्ठा से काम करेंगे। संस्थान के पदाधिकारियों ने बताया कि मानवाधिकार सहायता संस्थान में निस्वार्थ मन से मानव सेवा के उद्देश्य से पदस्थान दिया जाता है।

### ग्राम सिलतरा में चुनावी रंजिश पर युवक की हत्या



**तखतपुर।** चुनावी रंजिश को लेकर सिलतरा में एक युवक की हत्या हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि सिलतरा में सोमवार सुबह एक युवक की हत्या हो गई है। सूचना के अनुसार मृतक की पहचान रसिक गुप्ता उर्फ हितकिशोर 38 वर्ष के रूप में हुई है, जो ब्रज रेडीमेड कपड़ा दुकान का संचालक था। प्रारंभिक जांच में हत्या के पीछे चुनावी रंजिश की आशंका जताई जा रही है। घटना की जानकारी तब सामने आई जब सुबह करीब 6 बजे मृतक की पत्नी झाड़ू लगाने बाहर निकली और घर के पास उसका शव देखा। शव पर चेहरे और सिर पर गंभीर चोट के निशान पाए गए, जिससे उसकी हत्या की आशंका जताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही एडीशनल एसपी अर्चना झा और थाना प्रभारी देवेश सिंह राठौर पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी। पुलिस सभी संभावित पहलुओं पर जांच कर रही है, जिसमें पुरानी रंजिश और चुनावी विवाद भी शामिल हैं। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है, और पुलिस आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। मृतक के परिवार और जान-पहचान वालों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही हत्या के पीछे के कारणों का खुलासा किया जाएगा।

**पत्नी पंच की अभ्यर्थी थी-** पंचायत चुनाव में मृतक रसिक गुप्ता की पत्नी कलावती गुप्ता पंच पद की प्रत्याशी थी और जिस वार्ड से कलावती चुनाव लड़ रही थी वहां पर पंच के लिए तीन उम्मीदवार मैदान में थे और इस पंच के चुनाव को तीन मत से कलावती हार गई थी।

### सरपंच चुनाव में वोट नहीं देने के नाम पर मारपीट

**तखतपुर।** सरपंच चुनाव में वोट नहीं देने की बात को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर एक दूसरे के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार विजयपुर निवासी लखन साहू ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि 24 फरवरी की शाम 4 बजे आरोपी प्यारे साहू और रूपेंद्र साहू सरपंच चुनाव की वोट नहीं देने की बात को लेकर गाली गलौज करने लगे और जब मना किया तो उसके साथ मारपीट करने लगे। रिपोर्ट पर पुलिस ने प्यारे साहू और रूपेंद्र साहू के खिलाफ धारा धारा 296, 351,2 115,2 3,5 के तहत अपराध पंजीबद्ध तथा प्यारे लाल साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराया है कि उसकी पड़ोसी ईश्वरी साहू ने वोट नही देने की बात जब कहीं तो गाली देने लगी और इसी बात को लेकर आरोपी मुकेश साहू, लखन साहू एवं राजा साहू ने गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी।

## लगातार हो रही मौतों से नागरिकों में आक्रोश

# बोलेरो की टक्कर से युवा व्यावसायी की मौत, पत्नी गंभीर रूप से घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा

लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बोलरो चालक ने युवा व्यावसायी दंपति को टक्कर मार दी। हादसे में युवा व्यावसायी की मौत हो गई एवं उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गईं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घटना पेण्ड्रा व गौरेला के बीच दत्तात्रेय मुख्य मार्ग की है, जहां पेण्ड्रा निवासी 35 वर्षीय युवा व्यावसायी अंकित अग्रवाल पिता कमलेश अग्रवाल अपनी पत्नी हिमानी अग्रवाल के साथ बाइक सीजी 10 एएल 1445 से गौरेला जा रहे थे। रात के लगभग 8.30 बजे एडिशनल एसपी के बंगले के पास सामने से तेज रफ्तार अनियंत्रित बोलेरो क्रमांक सीजी 16 बी 3715 ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी जिससे अंकित अग्रवाल और उनकी पत्नी को गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के समय एसपी भावना गुप्ता इवनिंग वॉक कर रही थीं। उन्होंने तत्काल अपने वाहन से दोनों घायलों को जिला अस्पताल भेजा एवं जवानों को बोलेरो को पकड़ने के निर्देश दिए। पुलिसवाले बोलेरो को पकड़ने में सफल रहे, लेकिन ड्राइवर मौके से फरार हो गया। जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को बिलासपुर रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही अंकित अग्रवाल की मौत हो गई। जबकि हिमानी अग्रवाल को गंभीर हालत में अपोलो में भर्ती कराया गया। बता दें कि जीपीएम में ट्रैफिक व्यवस्था बहुत ही खराब है, यहां आए दिन दुर्घटनाएं और मौतें हो रही हैं। ट्रैफिक पर पुलिस विभाग का कोई नियंत्रण नहीं है। इस दुर्घटना में युवा व्यावसाई की मौत के बाद पूरे शहर में आक्रोश देखा गया।



मृतक अंकित अग्रवाल

### 8 साल से अटका है पेण्ड्रा बाईपास का काम

8 साल पहले से पेंड्रा बाईपास सड़क स्वीकृत है लेकिन शासन द्वारा मुआवजे की पर्याप्त राशि उपलब्ध नहीं कराने से सड़क का काम शुरु नहीं हो रहा है। ऐसे में सभी भारी वाहन भी पेण्ड्रा शहर के मध्य से गुजरते हैं और आए दिन दुर्घटनाओं को अंजाम देते हैं।

### परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

बता दें कि अंकित अग्रवाल कमलेश अग्रवाल के दो बेटों में से एक थे। अंकित के भाई अनिकेत अग्रवाल की बी कुछ वर्ष पूर्व असमय मौत हो गई थी और अब सड़क दुर्घटना में अंकित अग्रवाल की भी मौत हो गई है। इससे कमलेश अग्रवाल और उनके परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट गया है। अंकित को स्थानीय इंदिरा उद्यान मुक्तिधाम में अंतिम विदाई दी गई। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में शहरवासी उपस्थित रहे।

## शिक्षा ही मनुष्य को ऊंचे मुकाम तक पहुंचाती है: नरेश



**जरहागांव।** शासकीय हाई स्कूल बरेला में पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यालय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरण तथा नवनिर्वाचित नगर अध्यक्ष एवं पार्षदों का सम्मान किया गया।

■ हाई स्कूल बरेला में पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर अध्यक्ष नरेश पटेल रहे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता शाला विकास समिति के अध्यक्ष नोहर सिंह ठाकुर ने की। कार्यक्रम का कुशल संचालन गौकरण डिंडोले ने किया। इस दौरान विद्यालय के मेघावी छात्र छात्राओं को उपस्थिति अतिथियों के द्वारा उपहार प्रदान किया गया। सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य विनोद पटेल ने विगत वर्ष दसवीं कक्षा में 88 प्रतिशत अंक अर्जित करने वाले छात्र आशीष निर्मलकर को स्मार्ट वॉच प्रदान किया। इसी कड़ी में नव निर्वाचित जन प्रतिनिधियों का सम्मान प्राचार्य पिंकी शर्मा सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं ने श्रीफल व शॉल एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर किया।

### इनका हुआ सम्मान

नगर अध्यक्ष नरेश पटेल, पार्षद नितेश पटेल, देहुति बबलू पटेल, रमेश पटेल, हीरालाल पटेल, पवन पटेल, सुनीता विजय दीवान, प्रदीप धुरी, संजय कुमार धुरी, शेख जैनुल, विवेकदीप सेमरिया, जगदीश साहू, भगेलाधुरी, राजकुमार साहू, पिंकी गजानंद निर्मलकर, संजय निर्मलकर का सम्मान हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि नरेश पटेल ने कहा कि शिक्षा वह ताकत है, जिसके दम पर जीवन की बड़े से बड़ी जंग जीती जा सकती है। शिक्षा ही मनुष्य को अच्छा नागरिक बनाती है एवं ऊंचे मुकाम तक पहुंचाती है। तथा जानकारी दी कि हाई स्कूल का उन्नयन कर हायर सेकंडरी स्कूल में परिवर्तित करने विधायक पुन्नूलाल मोहले एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव से चर्चा की गई है। इस दौरान शाला के शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राओं के साथ जनप्रतिनिधि एवं अभिभावक मौजूद रहे।

## प्रयागराज से लाए गए गंगाजल से कैदियों ने किया स्नान



**मुंगेली।** महाकुंभ प्रयागराज से लाए गए पवित्र गंगा जल से जिला जेल देवरी में विशेष स्नान का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा की पहल पर प्रदेश के 5 सेंट्रल जेल, 20 जिला जेल और 8 सब-जेल में यह आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर त्रिवेणी संगम, प्रयागराज से लाए गए गंगा जल की विधिपूर्वक पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद इसे जेल परिसर की टंकी में मिलाकर सभी कैदियों को स्नान कराया गया। कैदियों ने 'हर-हर गंगे' के जयघोष के साथ इस आध्यात्मिक स्नान में भाग लिया। जेल अधीक्षक ममता पटेल ने बताया कि महाकुंभ के ऐतिहासिक अवसर पर राज्य सरकार की यह पहल कैदियों के आत्मशुद्धि, नैतिक उत्थान और मानसिक शांति के लिए की गई है। इस आयोजन से कैदियों में खासा उत्साह देखने को मिला।

## डाइट के एकादमिक सदस्यों ने किया एफएलएन का अवलोकन

**पेंड्रा।** एफएलएन का आशय बच्चों में बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान को विकसित करना है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत इसको प्राथमिकता दी गई है, ताकि 2026-27 तक प्रत्येक बच्चा कक्षा 3 तक बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान प्राप्त कर सके।



इसी कड़ी में डाइट पेंड्रा की ओर से प्राथमिक शिक्षकों को एफएलएन के तहत नई शिक्षण पद्धतियों और तकनीकों से प्रशिक्षित किया गया। प्राचार्य जेपी पुष्प मार्गदर्शन में उपप्राचार्य आभा सिंह, ममता चक्रवर्ती , शांति पेन्द्रों सहायक प्राध्यापक, आशुतोश दुबे, श्वेता तिवारी संगीता सोनी, मित्रा मैडम सुनीता लकड़ा, एफएलएन नोडल अधिकारी विकास वर्मा, रश्मि नामदेव जिला प्रभारी, एसके नोनिया जिला प्रभारी द्वारा प्राथमिक माध्यमिक विद्यालय कन्हारी कोरजा, कुल्हन टोला, डोंगरी टोला बालधार गोरखपुर, घघरा, अंडी धनौली, अमलडीहा, सेमरा, भदौरा, रानीझाप, कोटखर्रा, मेढुका, लालपुर सारबहरा आदि विद्यालयों के बच्चों से क्रियाकलापों का ध्यान रखते हुए उचित प्रश्न का संतोषजनक जवाब प्राप्त किया गया। एवं तीसरी से पांचवी तक के बच्चों को अध्यापन कराए गया।

# डेढ़ माह बाद भी नहीं दी गई सूचना के अधिकार के तहत मांगी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

सूचना के अधिकार के तहत लोरमी निवासी आकाश वैष्णव ने जनसूचना अधिकारी एवं उपसंचालक कृषि से रबी फसल हेतु लोरमी विखं के कृषि विभाग के एसएडीओ कार्यालय में उपलब्ध कराई गई बीज, खाद एवं अन्य सामानों से संबंधित जानकारी मांगी गई। साथ ही उन्होंने राज्य एवं केंद्र सरकार की ओर किसानों के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के संबंध में 7 जनवरी 2025 को आवदेन प्रस्तुत कर जानकारी मांगी थी। इसके लिए इन्होने विधिवत शुल्क भी जमा किया था लेकिन संबंधित जनसूचना अधिकारी की ओर से अभी तक कोई जानकारी नहीं दी गई।

इसकी शिकायत इन्होंने अपीलीय अधिकारी संयुक्त संचालक बिलासपुर कृषि विभाग से की है। आकाश वैष्णव पिता श्याम किशोर वैष्णव ने बताया कि रबी फसल 2024 में कृषि विभाग लोरमी को शासन द्वारा उपलब्ध कराए गए खाद, बीज, दवा, मिनी किट की मात्रा, वितरित किए गए पंजी, दिनांक, लाभान्वित कृषकों की ग्रामवार सूची, आवक पंजी, जावक पंजी, वितरण पंजी, स्टॉक पंजी सहित आवश्यक दस्तावेज की फोटोकापी की मांग सूचना के अधिकार के तहत की गई। लेकिन जनसूचना अधिकारी उपसंचालक कृषि विभाग मुंगेली की ओर से कोई जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई। उन्होंने कहा कि उप संचालक ने जानबूझ कर उन्हें जानकारी का दस्तावेज प्रदान नहीं किया, जो के सूचना का अधिकार का स्पष्ट रूप से उल्लंघन है। आकाश वैष्णव ने अपीलीय अधिकारी संयुक्त संचालक बिलासपुर से सूचना के अधिकार के तहत आवश्यक दस्तावेज शीघ्र उपलब्ध कराने की मांग की है ।

■ संयुक्त कृषि संचालक बिलासपुर से की गई मामले की शिकायत

### शराब के नशे में था एंबुलेंस का चालक, विद्युत पोल से टकराई

**कोरबा।** शराब के नशे में मदहोश एक एंबुलेंस चालक ने तेजी एवं लापरवाही पूर्व वाहन चलाते हुए कोसाबाड़ी चौक के समीप एम्बुलेंस को विद्युत पोल से जा टकराई। हादसा होते ही आसपास अफरा तफरी स्थिति निर्मित हो गई। घटना की सूचना मिलने पर सिविल लाइन पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घंटों मशक्कत के बाद यातायात को बहाल किया गया। एंबुलेंस का चालक शराब के नशे में मदहोश था पुलिस ने इस मामले में एंबुलेंस चला के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर लिया है। सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत कोसाबाड़ी चौक पर एक एंबुलेंस यातायात सिग्नल से टकरा गई। बताया जा रहा है कि चालक रसीद खान उम्र 40 वर्ष पिता सफुर खान शराब के नशे में था। हादसे में एंबुलेंस क्षतिग्रस्त हो गई, लेकिन वाहन चालक सुरक्षित है। घटना में मौके से गुजर रहे कई बाइक सवार भी बाल-बाल बच गए।

## जिला मुख्यालय में गोपनीय सामग्रियों का वितरण

# 66 केंद्रों में 18 हजार 125 विद्यार्थी देंगे बोर्ड परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा आयोजित हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी मुख्य परीक्षा 1 मार्च से प्रारंभ होने जा रही है। जिले के 66 परीक्षा केंद्रों में 18,125 विद्यार्थी बोर्ड की परीक्षा देंगे। परीक्षा की पारदर्शिता एवं सुचारू संचालन सुनिश्चित करने हेतु जिला मुख्यालय स्थित स्वामी आत्मानंद शासकीय बीआर साव उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय, मुंगेली से परीक्षा प्रश्न-पत्र एवं अन्य गोपनीय सामग्रियों का वितरण किया गया।

परीक्षा संचालन को व्यवस्थित बनाने हेतु जिला शिक्षा अधिकारी चन्द्रकुमार घृतलहरे ने सभी केन्द्राध्यक्षों को प्रश्न-पत्रों की निकासी एवं वितरण की प्रक्रिया को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने निर्देश दिया कि परीक्षा के दौरान उन विषय शिक्षकों को ड्यूटी न लगाई जाए, जिन विषयों की परीक्षा उस दिनांक में होगी। साथ ही, प्रश्न-पत्र लेखा, उत्तर पुस्तिका लेखा, अभिरक्षा पंजी, पर्यवेक्षक कर्तव्य पंजी, निरीक्षण पंजी एवं उत्तर पुस्तिका बंडलों के संधारण की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। शामिल गौरतलब है कि जिले में इस वर्ष कुल 66 परीक्षा केन्द्र निर्धारित किए गए हैं, जिनमें हाई स्कूल परीक्षा हेतु 10,766 विद्यार्थी एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा हेतु 7,022 विद्यार्थी सम्मिलित होंगे। इसके अतिरिक्त, 337 स्वाध्यायी परीक्षार्थी भी परीक्षा में भाग लेंगे। परीक्षा सामग्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उन्हें जिले के विभिन्न थानों में जमा करने के लिए 7 अलग-अलग रूट निर्धारित किए गए हैं।

प्रत्येक रूट पर सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को प्रभारी नियुक्त किया गया है तथा पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की गई है। परीक्षा केंद्रों के संचालन को लेकर महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर्स राजेन्द्र सिंह क्षत्री एवं दिनेश घोसले उपस्थित रहे। संस्था के प्राचार्य पीसी दिव्य एवं अन्य अधिकारियों ने भी वितरण प्रक्रिया में आवश्यक सहयोग प्रदान किया।



सामग्री वितरण में जुटे अधिकारी।

# जिला व जनपद पंचायत अध्यक्ष उपाध्यक्ष का निर्वाचन 4 व 5 को

**मुंगेली।** जिला व जनपद पंचायत अध्यक्ष-उपाध्यक्ष का निर्वाचन 4 व 5 मार्च को किया जाएगा। जिला पंचायत एवं जनपद पंचायतों के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पदों के निर्वाचन की तिथि घोषित कर दी गई है।




जिला पंचायत के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का चुनाव 05 मार्च को सुबह 10.30 बजे जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में होगा, जबकि जनपद पंचायतों के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद का निर्वाचन 04 मार्च को सुबह 10.30 बजे संबंधित जनपद पंचायतों के सभाकक्ष में संपन्न होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल देव ने चुनाव प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए पीठासीन अधिकारियों की नियुक्ति की है। जिला पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष निर्वाचन के लिए अपर कलेक्टर जी. एल. यादव पीठासीन अधिकारी और तहसीलदार चंद्रकांत राही सहायक पीठासीन अधिकारी होंगे। इसी तरह जनपद पंचायत मुंगेली के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष निर्वाचन हेतु एसडीएम मुंगेली पार्वती पटेल पीठासीन अधिकारी और तहसीलदार कुनाल पांडेय सहायक पीठासीन अधिकारी, जनपद पंचायत लोरमी के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष निर्वाचन हेतु एसडीएम लोरमी अजीत पुजारी पीठासीन अधिकारी और तहसीलदार शेखर पटेल सहायक पीठासीन अधिकारी और जनपद पंचायत पथरिया अध्यक्ष-उपाध्यक्ष निर्वाचन हेतु एसडीएम पथरिया बीआर ठाकुर पीठासीन अधिकारी और तहसीलदार श्रीमती छाया अग्रवाल सहायक पीठासीन अधिकारी होंगी।

### विजयी प्रत्याशियों को प्रमाण पत्र वितरित



**मुंगेली।** जिला पंचायत के तीन नव निर्वाचित सदस्यों को प्रमाण पत्र वितरित त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के तृतीय चरण के तहत हुए मतदान के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। जिला कलेक्टोरेट स्थित जनदर्शन कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में अपर कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर श्रीमती निष्ठा पांडेय तिवारी ने नव निर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों के नाम की घोषणा की। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की उप संचालक सुश्री भूमिका देसाई ने बताया कि जिला पंचायत निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 10 लौदा से संतोषी परमेश्वरी ठाकुर, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 11 जुनवानी से अनिला देवेन्द्र राजपूत (बाबा) और निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 12 मोहभट्ठा से अंबालिका साहू विजयी हुई हैं। गौरतलब है कि त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के तीसरा चरण के तहत 23 फरवरी को पथरिया विकासखंड में मतदान हुआ था। इसके बाद मतदान परिणामों की गणना कर विजयी उम्मीदवारों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

### हथनीकला से सरपंच चुनी गईं सुषमा



**धरमपुरा।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में समीपस्थ ग्राम पंचायत हथनीकला में सुषमा प्रीतम कोसले ने शानदार जीत दर्ज की। जीत मिलते ही उनके समर्थकों ने एक दूसरे को फूल माला पहना कर एवं गुलाल लगाकर बधाई दी। ग्राम पंचायत रोहराखुर्द में सरपंच पद के लिए संध्या चंद्रकुमार जोगीवंश निर्वाचित हुईं। जनपद सदस्य क्षेत्र गोइंद्री के लिए भुनेश्वरी किशोर यादव ने जीत हासिल की। मुंगेली जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 10 से संतोषी परमेश्वर सिंह ठाकुर ने शानदार जीत हासिल की।

### बोड़रपारा से ज्ञानेश्वर बने सरपंच




**लोरमी।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत ग्राम पंचायत बोड़रपारा में निर्वाचन की प्रक्रिया संपन्न हुई। यहां देवरहट मंडल के महामंत्री एवं वरिष्ठ नेता ज्ञानेश्वर सिंह क्षत्रिय ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को 170 से अधिक मतों से परास्त कर विजय हासिल कर सरपंच निर्वाचित हुए। सारधा स्थित आईटीआई भवन में रिटर्निंग अफसर तहसीलदार शेखर पटेल ने ज्ञानेश्वर सिंह क्षत्रिय को जीत का प्रमाण पत्र सौंपा। इस अवसर पर ज्ञानेश्वर ने कहा कि वह गांव के विकास के लिए कार्य करेंगे। मूलभूत सुविधाओं का गांव में विस्तार करने जोर लगा देंगे। इस अवसर पर अनिल शर्मा, कृष्णा कश्यप, परमेश्वर, दादू पटेल, लाला केवट, मानीराम सहित बड़ी संख्या में उनके समर्थक उपस्थित रहे।

### भारती ने 1392 वोट से जीत हासिल की



**तखतपुर।** जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 8 से भाजपा समर्थित उम्मीदवार भारती नीरज माली जिला पंचायत सदस्य का चुनाव 1392 वोट से जीत गई। इस अवसर पर भारती माली ने सभी मतदाताओं के प्रति आभार जताते हुए कहा कि यह जीत मेरी जीत नहीं है मेरी सभी शुभचिंतकों की जीत है जिन लोगों ने मुझपर विश्वास जताया और मुझे अपना प्रतिनिधि चुन कर जिला पंचायत के लिए भेजा है जिस विश्वास के साथ मतदाताओं ने मुझे जीत दिलाई है मैं उन सभी को यह आश्वस्त करती हूं कि उनके विश्वास पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगी। जिला पंचायत क्षेत्र को विधायक धर्मजीत सिंह के मार्गदर्शन में विकसित क्षेत्र बनाया जाएगा तथा उस क्षेत्र में किसी भी तरह की बुनियादी समस्या न हो इसका भी ख्याल रखा जाएगा। विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि पूरे प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के सरकार के प्रति लोगों का पूर्ण विश्वास है और यहीं वजह है कि हर चुनाव में भाजपा के समर्थित प्रत्याशीयों की जीत हुई है अब हम सभी जनप्रतिनिधि एक साथ मिलकर क्षेत्र के विकास के लिए काम करेंगे। चुनाव जीतने के बाद भारती माली जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संदीप अग्रवाल से निर्वाचन प्रमाण पत्र प्राप्त किया इस दौरान विधायक धर्मजीत सिंह, जिलाध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर उपस्थित रहे।